शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 267 | गुवाहाटी | रविवार, 28 अप्रैल, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

न बिजली, न रोड कनेक्टिविटी... फिर भी इस गांव में हुई सौ फीसद वोटिंग — पेज 2
अखिल गोगोई फालतू आदमी : बदरुद्दीन अजमल — पेज 3
ईवीएम पर सवाल उठाने वाले वही लोग हैं जो कभी बैलेट लूटा करते थे : योगी आदित्यनाथ — पेज 5
गुकेश शुरू से ही सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बनना चाहते थे ... — पेज 7

## हर परिवार में नौकरी सुनिश्चित करेंगे : सीएम



**कोकराझाड़ (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि जिन परिवारों में किसी व्यक्ति को सरकारी नौकरी नहीं मिली है, उन परिवारों को नौकरी में वरीयता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा की चालू वर्ष के दौरान 50 हजार सरकारी नौकरियां दी जाएगी। इन नौकरियों को लेकर नए नियम बनाए जा रहे हैं, ताकि एक ही परिवार से कई लोगों को नौकरी नहीं मिले। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों में किसी भी व्यक्ति को सरकारी नौकरी नहीं है, उन परिवारों के अभ्यर्थियों को 10 अंक का ग्रेस दिया जाएगा। मुख्यमंत्री आज मानस में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बोडोलैंड क्षेत्र की जनता उन्हें बहुत अधिक चाहती है। बोडोलैंड के सर्वांगीण विकास के लिए वह कार्य करेंगे। जिन क्षेत्रों में सड़कें नहीं बन सकी हैं, चुनाव संपन्न होने के बाद उन क्षेत्रों में सड़कें बना दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि कोकराझाड़ सीट पर भाजपा समर्थित यूपीपीएल के उम्मीदवार जयंत बसुमतारी की जीत निश्चित है। कांग्रेस और बीपीएफ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहेगी। इस दौरान एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास जितने गोगोई हैं, उससे अधिक गोगोई भाजपा के पास है।

## असम राइफल्स की पहल से एक छत के नीचे आईं कुकी-मैतेई छात्राएं

### साथ में शिक्षा देने के लिए बनाया केंद्र



**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल में असम राइफल्स ने अपने सेंटर ऑफ एजुकेशनल एक्सिलेंस में 36 कुकी, मैतेई और नगा जाति की छात्राओं को आश्रय दिया है। यह केंद्र एक गैर सरकारी संगठन के साथ मिलकर कुकी और मैतेई छात्राओं को शिक्षा देने के लिए खोला गया है। इन 37 छात्राओं में 22 नगा, छह कुकी, आठ मैतेई और एक पंगल छात्रा शामिल हैं। बता दें कि उखरुल क्षेत्र चुराचांदपुर से पांच घंटे की दूरी पर है। असम राइफल्स ने एक बयान में कहा कि यह शैक्षिक केंद्र अपने लक्ष्य को प्राप्त करने वाले हिंसाग्रस्त क्षेत्रों के उम्मीदवारों को सहायता प्रदान करने के लिए बनाया गया है। उनके पास अब अपने करियर को बनाने के लिए एक मजबूत रास्ता है। जो सुविधा यहां देख रहे हैं वह एनआईईडीओ और असम राइफल्स के प्रयास का परिणाम है। मणिपुर में पिछले साल मई से जारी जातीय हिंसा में अबतक 150 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। असम राइफल्स के इस पहल के बारे में बात करते हुए चुराचांदपुर की एक कुकी लड़की ने बताया कि असम राइफल्स ने उनकी बहुत मदद की है। उन्होंने कहा कि हम इस केंद्र में खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। मुझे यकीन है कि केवल शिक्षा ही मणिपुर की स्थिति सुधार सकती है। हम 37 लड़कियां हैं और सभी अलग-अलग जाति से ताल्लुक रखते हैं। हम सभी का लक्ष्य अपनी पढ़ाई को पूरा कर अपने समाज में परिवर्तन लाना है। वहां मौजूद एक मैतेई लड़की ने -शेष पृष्ठ दो पर

## शोणितपुर में जंगली हाथी का तांडव दो वनरक्षकों समेत तीन की मौत



**तेजपुर।** असम के शोणितपुर जिले में शनिवार को एक जंगली हाथी के हमले में दो वन रक्षकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। पश्चिम तेजपुर प्रभागीय वन अधिकारी निपेन कलिता ने कहा कि जब वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तब एक जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर धीराई माजुली गांव में घुस गया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला, जबकि वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि -शेष पृष्ठ दो पर

## मोदी की झूठ की फैक्टरी अब नहीं चलेगी : खड़गे




**बरपेटा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उनकी पार्टी के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने संबंधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावे को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि *मोदी की झूठ की फैक्टरी* हमेशा नहीं चलेगी। असम में बारपेटा जिले के कयाकूचि में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि देश में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है और 65 प्रतिशत शिक्षित युवाओं के पास नौकरियां नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन निश्चित रूप से सत्ता में आएगा और भाजपा को रोकेगा। हमारी सरकार बनने पर, हम महंगाई को काबू करेंगे और हमारा ध्यान गरीब लोगों पर होगा। हम सरकारी विभागों में 30 लाख रिक्तियां भरेंगे। खड़गे ने -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## नगालैंड में जबरन वसूली का जमकर विरोध, बाजार और कार्यालय बंद



**नई दिल्ली।** नगालैंड में अंडरग्राउंड समूह के लोगों की जबरन वसूली के विरोध में व्यापारियों ने अनिश्चितकाल तक बाजार बंद करने का फैसला किया है। इसके अलावा कई निजी कार्यालय भी बंद रहे। शुक्रवार को पहली बार नगालैंड की वाणिज्यिक राजधानी दीमापुर बंद रही। इसके बाद कन्फेडरेशन ऑफ नगालैंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (सीएनसीसीआई) के आह्वान पर अन्य जिलों के बाजार भी बंद होते चले गए। दरअसल सीएनसीसीआई का कहना है कि व्यापारिक समुदाय -शेष पृष्ठ दो पर

## कुकी उग्रवादियों ने किया सीआरपीएफ बटालियन पर हमला, दो जवान शहीद



**बिष्णुपुर (मणिपुर)।** मणिपुर के नारानसेना इलाके में शुक्रवार आधी रात से शुरू हुए कुकी उग्रवादियों के हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान बलिदान हो गए। पुलिस के मुताबिक, सीआरपीएफ जवानों पर कुकी उग्रवादियों ने आधी रात से लेकर सुबह 2:15 बजे तक हमला किया। जान गंवाने वाले जवान राज्य के बिष्णुपुर जिले के नारानसेना इलाके में तैनात सीआरपीएफ 128 बटालियन के हैं। वहीं, देर शाम मणिपुर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार झा ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बाहरी -शेष पृष्ठ दो पर

### बेकार नहीं जाएगा जवानों का बलिदान, सख्ती से निपटेंगे : सुरक्षा सलाहकार

**इंफाल।** मणिपुर सरकार के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने उग्रवादियों के हमले में दो सीआरपीएफ जवानों के बलिदान के बाद कड़ी चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि जिस भी समूह ने सुरक्षा बलों के शिविर पर हमला किया है, उसे गंभीर परिणाम -शेष पृष्ठ दो पर

## एलेंजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज बनीं सबसे उम्रदराज मिस यूनिवर्स



**ब्यूनस आयर्स।** एलेंजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज ने 60 साल की उम्र में मिस यूनिवर्स ब्यूनस आयर्स 2024 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। एलेंजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज को मिस यूनिवर्स ब्यूनस आयर्स 2024 का ताज पहनाया गया। एलेंजांद्रा ने इस उम्र में भी खुद को बहुत खूबसूरती से मेंटेन किया है। पेशे से वकील और पत्रकार एलेंजांद्रा ने 34 खूबसूरत महिलाओं को पीछे छोड़कर ये खिताब अपने नाम किया है। दरअसल, मिस यूनिवर्स ऑर्गनाइजेशन ने पिछले साल ही इस कॉन्टेस्ट के लिए उम्र सीमा को हटा दी थी। अब इस फैसले के एक साल बाद ही एलेंजांद्रा ने ये खिताब जीता है। पिछले साल हुए बदलाव के आधार पर 18 साल से अधिक उम्र की कोई भी महिला ब्यूटी कॉम्पिटिशन में हिस्सा ले सकती है। बता दें, इससे पहले तक कॉम्पिटिशन में 18 से 28 साल की महिलाएं ही हिस्सा ले सकती थीं। एलेंजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज को 24 अप्रैल -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*समय का ज्ञान ना रखने वाले राजा का कर्म समय के द्वारा ही नष्ट हो जाता है।*

- **आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

#### मणिपुर में दो गुटों में गोलीबारी, एक की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई, जिसके बाद एक 33 वर्षीय व्यक्ति मृत पाया गया। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोलीबारी शुक्रवार रात कांगपकोपी और इंफाल पूर्वी जिलों की सीमा पर सिनम कोम में हुई, जिसके बाद लापता हुआ एक ग्राम स्वयंसेवक शनिवार सुबह मृत पाया गया।

## उत्तराखंड के जंगलों में अग्नि का तांडव बेकाबू आग बुझाने में जुटी वायु सेना



**देहरादून (हि.स.)।** गर्मी शुरू होते ही उत्तराखंड के जंगल धधकने लगे हैं। उत्तराखंड के जंगलों में फैली आग का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक लगभग 689.89 हेक्टेयर जंगल प्रभावित हो चुका है। वन विभाग व दमकल के प्रयास के बाद भी जंगल की बेकाबू आग पर काबू पाने के लिए अब वायु सेना को लगाया गया है। कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक आग ही आग है। आग से पहाड़ धुआं-धुआं हो रहे हैं। तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। जंगलों को आग से बचाने की तैयारी में जुटे वन विभाग की तैयारियां धरी की धरी रह गई है। पिछले 24 घंटों में गढ़वाल मंडल में कोई भी घटना नहीं हुआ है। जबकि कुमाऊं में वनाग्नि की 26 तो वन्यजीव में पांच घटनाएं हुई हैं और 33.34 हेक्टेयर वन प्रभावित हुए हैं। आगजनी में 39 हजार 440 रुपए की आर्थिक क्षति के -शेष पृष्ठ दो पर

## कल गुवाहाटी आएंगे अमित शाह रोड शो में लेंगे भाग

**गुवाहाटी (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 अप्रैल को गुवाहाटी आएंगे। वह यहां एक रोड शो में भाग लेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह की गुवाहाटी यात्रा की पुष्टि की है। मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि अमित शाह 29 मई को गुवाहाटी में विशाल रोड शो में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। रोड शो -शेष पृष्ठ दो पर

## सुनीता केजरीवाल की राजनीति में एंट्री, पूर्वी दिल्ली में किया रोड शो



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार शाम को पूर्वी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में पहला रोड शो किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल *शेर* हैं और कोई उन्हें तोड़ या झुका नहीं सकता। एक वाहन में सवार, सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के कोंडली क्षेत्र में मतदाताओं का हाथ जोड़कर अभिवादन करती नजर आईं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया क्योंकि उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर




## नक्सलवाद, आतंकवाद और गरीबी के खात्मे के लिए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं : अमित शाह




**राजकोट (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शनिवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोगों से नक्सलवाद, आतंकवाद और गरीबी के खात्मे के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाएंगे। अमित शाह ने शनिवार को राजकोट जिले के जामकंडोरणा में पोरबंदर लोकसभा सीट के पार्टी उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने दावा किया कि देश में हुए अबतक दो चरणों के चुनाव में राहुल गांधी का सूपड़ा साफ हो गया है। सूरत सीट पर भाजपा उम्मीदवार को चुनाव से पहले ही विजेता घोषित कर दिया गया। उन्होंने अनुच्छेद 370 के खात्मे और राममंदिर निर्माण की भी चर्चा की। शनिवार सुबह उन्होंने कहा कि गांधी-सरदार के गुजरात को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में पहचान दिलाई। शाह ने कहा कि 10 वर्षों के शासनकाल में नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के किए गड्ढों को भरने का काम किया है। आगामी 5 साल में नींव डालने का काम होगा। मोदी ने गुजरात को 5 लाख 95 हजार करोड़ रुपए दिए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी और सरदार पटेल का नाम भुला दिया था, अब सरदार पटेल का स्मारक पीएम मोदी ने बनाया है। समुद्री किनारों को नरेंद्र मोदी ने सुरक्षित किया है। कांग्रेस अपने शासन वाले राज्यों में 8 घंटे से अधिक बिजली नहीं देती थी। जबकि पीएम मोदी ने ज्योतिग्राम योजना के जरिए गांवों में 24 घंटे बिजली देने की शुरुआत कर दी है। पीएम मोदी के कारण समग्र सौराष्ट्र में विकास का पहिया तेज गति से -शेष पृष्ठ दो पर

## लड़कियों की उम्मीदों का कब्रगाह बना अफगानिस्तान : संरा



**काबुल (हि. स.)।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों की स्थितियों पर चिंता जाहिर करते हुए अमानवीय बताया है। वर्तमान हालात को देखते हुए संयुक्त राष्ट्री ने अफगानिस्तान को लड़कियों की उम्मीदों के लिए कब्रगाह बताया है। तालिबान ने 15 अगस्त, 2021 को अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद से उसने लड़कियों की छठी कक्षा से आगे की पढ़ाई प्रतिबंधित कर दी और बाद में उनके लिए विश्वविद्यालयों के दरवाजे भी बंद कर दिए। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आलोचनाओं की परवाह नहीं करते हुए तालिबान अपना प्रतिबंध जारी रखे हुए है। प्रतिबंध -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# न बिजली, न रोड कनेक्टिविटी... फिर भी इस गांव में हुई सौ फीसद वोटिंग

## आठ किलोमीटर पैदल चलकर जाते हैं मतदान केंद्र

**मंगलुरु।** लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की वोटिंग शुक्रवार को संपन्न हुई। दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर 68.49 फीसद मतदान दर्ज किया गया। इस बीच एक ऐसा गांव भी सुर्खियों में आया जहां के 100 फीसद लोगों ने तमाम मुसीबतों और जनसुविधाओं की कमी के बावजूद अपनी वोट की शक्ति दिखाई। दरअसल, ये गांव कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के बेलथांगडी तालुक में स्थित है। बंजारुमले नामक इस गांव में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस गांव में 111 मतदाता हैं और उनमें से प्रत्येक शाम 6 बजे मतदान समाप्त होने से दो घंटे पहले मतदान पूरा करके एकमात्र मतदान केंद्र पर पहुंचे। इस गांव में वनवासी, आदिवासी किसान और लघु वन अपशिष्ट संग्रहकर्ता रहते हैं। ये



लोग पश्चिमी घाट की पहाड़ियों में बारहमासी जल स्त्रोतों के पानी का उपयोग करके जंगल में जीवित रहते हैं। बिजली या परिवहन कनेक्टिविटी न होने के बावजूद इन लोगों ने अपने वोट के अधिकार का उपयोग किया। वोटिंग के लिए इन लोगों को मुदिगेरे से बस से यात्रा करनी पड़ती है या घने जंगलों के बीच आठ किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है, लेकिन उन सभी ने मतदान करना सुनिश्चित किया। जिले के अधिकारियों ने भी उनके जज्बे की सराहना की। गांव के निवासी अन्नी मालेकुडिया ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि हम कम सुविधाओं के बारे में शिकायत नहीं करते हैं। हम समझते हैं कि शहरों को जो सुविधाएं दी जाती हैं, वे सभी गांवों को नहीं दी जा सकतीं। फिर भी, इसने हमें पूरी संख्या में मतदान करने से नहीं रोका है। मुझे यकीन है कि अगर 500 या उससे अधिक मतदाता होते तो भी वे सभी वोट देने आते। जिला मतदान आंकड़ों के मुताबिक, 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में बंजारुमाले ने 99 फीसदी मतदान दर्ज किया था।

# हेलीकॉप्टर में चढ़ते समय घायल हुई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी



**दुर्गापुर ( कोलकाता )।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर में चढ़ते समय घायल हो गईं। ममता ने शनिवार को आसनसोल में लोकसभा चुनाव के लिए दो प्रचार बैठकें कीं। वह दुर्गापुर से हेलीकॉप्टर से वहां जा रही थीं। हेलिकॉप्टर में बैठे-बैठे वह अचानक गिर पड़ी। 69 वर्षीय को कोलकाता के राजकीय एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कुछ देर बाद दुर्गापुर से आसनसोल के रवाना हो गईं। एमसी सूत्रों ने बताया कि उनकी चोट बहुत गंभीर नहीं है और वह आसनसोल में पार्टी की चुनावी रैली में शामिल होंगी। 14 मार्च के बाद यह दूसरी घटना है, जब पश्चिम बंगाल की सीएम को कोलकाता के कालीघाट स्थित आवास पर गिरने के बाद माथे पर चोट लगी थी। एसएसकेएम अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर मणिमोय बंदोपाध्याय ने अपने बयान में कहा था कि ममता बनर्जी को किसी ने पीछे से धक्का दिया था, जिस कारण वह गिर गई थीं और माथे पर कट मार्क के साथ उन्हें अस्पताल लाया गया था। डॉक्टर मणिमोय के अनुसार बंगाल सीएम को मस्तिष्क और नाक में चोट लगी थी।

## ड्रग्स समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के गोरचुक इलाके में पुलिस की एक टीम ने अभियान चलाकर भारी मात्रा में ड्रग्स समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गोरचुक पुलिस थाना क्षेत्र के इंटर स्टेट बस टर्मिनल के पास चलाए गए अभियान के दौरान दो ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्करों के पास से 45.50 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान रोशन कबोरामाबी (29) और असीम रोहित सिंह (31) के रूप में की गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपित इंफाल के रहने वाले बताए गए हैं। पुलिस इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार दोनों तस्करों से सघन पूछताछ कर रही है।

## हम आतंकवादियों की राम नाम सत्य भी करते हैं : योगी

**फिरोजाबाद ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस, सपा, और बसपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम राम मंदिर ही नहीं बनाते आतंकवादियों की राम नाम सत्य भी करते हैं। योगी ने देश के विकास को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह के पक्ष में मतदान कर देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आहवान किया। मुख्यमंत्री शनिवार को जनपद के तिलक इंटर कॉलेज में भाजपा उम्मीदवार ठा. विश्वदीप सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद के हस्तशिल्पी कांच कारीगरों ने ही फिरोजाबाद को सुहागनगरी के रुप में विश्व में पहचान दिलाई है। दो चरणों का चुनाव संपन्न हो चुका हैं और चारों तरफ मोदी की लहर चल रही है। यह लहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले 10 वर्षों में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की लहर है। प्रधानमंत्री ने पिछले 10 वर्षों में बिना किसी भेद भाव, जाति धर्म के साथ सबका साथ, सबका विकास के नारे के साथ काम किया है। इसीलिए देश की जनता तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है।

## आग लगने से घर जलकर राख

**गोलाघाट ( हिंस )।** गोलाघाट शहर के पूर्वी अमोलापट्टी इलाके में एक घर में भीषण आग लग गई। आग से घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आग इलाके में रहने वाले स्वप्नाली बोरा के आवास में लगी। घर में कोई न होने के कारण आग फैल गई और सिलेंडर फटने से घर पूरी तरह से आग की चपेट में आ गया। अग्निशमन विभाग की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी।

## चीन को झटका : श्रीलंका ने भारत को सौंपा मटाला अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का प्रबंधन

**कोलंबो।** श्रीलंका ने चीन को बड़ा झटका देते हुए हम्बनटोटा स्थित मटाला राजपक्षे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी भारत को सौंप दी हैं और इसमें रूस की कंपनी भी मदद करेगा है। श्रीलंका सरकार की कैबिनेट ने शुक्रवार को यह फैसला लिया है। सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हवाई अड्डे का निर्माण 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर में किया गया है और एक समय उड़ानों की कमी की वजह से इसे *दुनिया का सबसे सुनसान हवाई अड्डा* करार दिया गया था। सरकारी प्रवक्ता और मंत्री बांदुला गुणवर्धने ने संवाददाताओं से कहा कि श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने नौ जनवरी को संभावित पक्षकारों से रुचि पत्र आमंत्रित करने की मंजूरी दी थी। श्रीलंका के तटीय शहर हंबनटोटा के नजदीक स्थित इस एयरपोर्ट का निर्माण चीन द्वारा किया गया है। श्रीलंका की सरकार ने 99 वर्षों के लिए चीन को लीज पर दिया हुआ है। ऐसे में इसी बंदरगाह के नजदीक स्थित एयरपोर्ट का प्रबंधन भारतीय कंपनी को मिलना अहम है। उन्होंने बताया कि इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए और कैबिनेट द्वारा नियुक्त सलाहकार समिति ने भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए एक प्रबंधन अनुबंध देने का निर्णय लिया। गुणवर्धने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने नागरिक विमानन और हवाई अड्डा सेवा मंत्री की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मटाला हवाई अड्डे का नाम पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नाम पर रखा गया है।

## मणिपुर पुलिस ने 139 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय दंड संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 139 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 348 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है।

## गुवाहाटी और न्यू तिनसुकिया से साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनें

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गर्मियों के दौरान यात्रियों की आकस्मिक बढ़ोतरी को देखते हुए, पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) गुवाहाटी और न्यू तिनसुकिया से साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनें चलाएगी। एक स्पेशल ट्रेन राजस्थान के श्री गंगानगर एवं गुवाहाटी के बीच और दूसरी न्यू तिनसुकिया एवं एसएमवीटी बेंगलुरु के बीच संचालित होगी। ये दोनों ट्रेनें दोनों दिशाओं में 09-09 फेरों के लिए संचालित होंगी। यात्रियों की सुविधा

# पुलिस ने घुटने से दबाई काले शख्स की गर्दन, दम घुटने से मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ओहियो में पुलिसकर्मियों द्वारा एक काले व्यक्ति को जमीन पर गिराकर काबू करने की कोशिश की जिससे उसकी दम घुटने से मौत हो गई। मरने वाले एक काले व्यक्ति को पुलिसकर्मियों ने नीचे गिरा दिया क्योंकि उसने उनसे कहा था कि मैं सांस नहीं ले सकता, जिससे 2020 में जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या की यादें ताजा हो गईं। ओहियो पुलिस विभाग ने बॉडी-कैमरा फुटेज जारी किया, जिसमें पुलिस को एक व्यक्ति को हिरासत में लेते हुए दिखाया गया है, जिसकी पहचान 53 वर्षीय फ्रैंक टायसन के रूप में हुई है, जिस पर 18 अप्रैल को एक कार दुर्घटना के दृश्य को छोड़ने का संदेह था। 36 मिनट के वीडियो में गश्ती अधिकारी को एक कार के पास आते हुए दिखाया गया है जो एक बिजली के खंभे से टकरा गई थी। एक दर्शक का कहना है कि वाहन का चालक पास के एक सराय में भाग गया था। पेट्रोलिंग ऑफिसर को एक प्रत्यक्षदर्शी बताता है कि कार ड्राइवर पास स्थित सराय में छिपा है। इसके बाद पुलिसकर्मी सराय में प्रवेश करते हैं, जहां वे फ्रैंक टायसन को बार में खड़ा पाते हैं। जैसे ही एक पुलिसकर्मी टायसन का हाथ पकड़ने की कोशिश करता है, वह चिल्लाने लगता है, वे मुझे मारने की कोशिश कर रहे हैं, शेरिफ को बुलाओ। इसके बाद अधिकारियों ने टायसन को जमीन पर गिरा दिया और उसे हथकड़ी लगा दी। एक पुलिसकर्मी उसकी पीठ पर उसकी गर्दन के पास घुटना रखे हुए दिखाई दे रहा है। टायसन को बार-बार यह कहते हुए सुना जा सकता है कि मैं सांस नहीं ले सकता। मैं...अपनी गर्दन नहीं हटा सकता, जबकि एक अधिकारी खड़े होने से पहले *शांत हो जाओ* और *तुम ठीक हो* चिल्लाता है। कुछ संघर्ष के बाद, टायसन गतिहीन हो जाता है। इसके बाद अधिकारी टायसन की जांच करते हैं और उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है कि क्या वह सांस ले रहा है? और क्या उसकी नाड़ी है? वीडियो में अधिकारियों को उसकी हथकड़ी खोलते और सीपीआर देते हुए दिखाया गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, टायसन घटना में शामिल कैंटन पुलिस विभाग के अधिकारियों की पहचान ब्यू शोएनेगे और कैमडेन बर्च के रूप में की गई। टायसन की क्लीवलैंड के एक स्थानीय अस्पताल में मृत्यु हो गई। स्टार्क काउंटी कोरोनर कार्यालय के मुख्य जांचकर्ता हैरी कैंपबेल ने कहा कि सप्ताह की शुरुआत में शव परीक्षण किया गया था और टायसन के अवशेषों को अंतिम संस्कार गृह में भेज दिया गया था। फ्रैंक टायसन को अपहरण और चोरी के मामले में 24 साल की सजा काटने के बाद 6 अप्रैल को जेल से रिहा किया गया था। हालांकि, एसोसिएटेड प्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार, पैरोल अधिकारी को रिपोर्ट करने में विफल रहने के कारण उन्हें लगभग तुरंत ही रिहाई के बाद नियंत्रण पर्यवेक्षण का उल्लंघनकर्ता घोषित कर दिया गया था। यह घटना जॉर्ज फ्लॉयड की मौत की याद दिलाती है, जिनकी चार साल पहले मिनियापोलिस में पुलिस के साथ इसी तरह की मुठभेड़ में मौत हो गई थी। फ्लॉयड की हत्या का एक वीडियो, जो वायरल हो गया, उसमें एक श्वेत अधिकारी, डेरेक चाउविन, 9 मिनट से अधिक समय तक उसकी गर्दन पर घुटने टेककर अपनी जान की भीख मांगते हुए कि मैं सांस नहीं ले सकता दोहराते हुए दिखाई दिया। चाउविन और उसके तीन साथी अधिकारियों को अंततः हत्या और अन्य अपराधों का दोषी ठहराया गया।

# पृष्ठ एक का शेष

### असम राइफल्स की ...

बताया कि वह अपने सपनों को पूरा करने के लिए यहां आई है। उन्होंने कहा कि हम सभी को यहां एक अच्छा अवसर दिया गया है। एक समय मुझे मेरे परिवार की याद आती थी, लेकिन अब हम यहां एक-दूसरे का परिवार बन चुके हैं। मुझे भी लगता है कि शिक्षा समाज में परिवर्तन ला सकता है। हिंसाग्रस्त क्षेत्र कांगपोक्पी की रहने वाली एक लड़की ने कहा कि इस स्थिति में कोई भी हमारे पढ़ाई का खर्च नहीं उठा सकता था। ऐसे में असम राइफल्स का जितना धन्यवाद करूं उतना कम है। उखरुल की एक लड़की ने कहा कि हम सभी यहां सुरक्षित हैं। हमें अपनी शिक्षा पूरी करने का बड़ा अवसर दिया गया है। मुझे नहीं मालूम कि इस परिस्थिति में मैं अपने समुदाय के लिए कितना काम कर सकती हूं, लेकिन फिलहाल चीजें हमारे लिए बेहतर है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि इनमें से कुछ लड़कियों को हिंसाग्रस्त क्षेत्रों से निकाला गया था। उन्हें हवाई सेवाओं के माध्यम से चुराचांदपुर से असम राइफल्स के केंद्र में लाया गया था।

### शोणितपुर में जंगली ...

मृतकों की पहचान वनरक्षक कोलेश्वर बोड़ो और बीरेन रावा और स्थानीय व्यक्ति की पहचान जतिन तांती के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति दिबाकर मालाकार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि हाथी को वापस जंगल में धकेलने के प्रयास जारी हैं।

### मोदी की झूठ ...

प्रधानमंत्री मोदी को *झूठों का सरदार* करार देते हुए उनपर सालाना दो करोड़ नौकरियां देने, कालाधन वापस देश में लाने और हर व्यक्ति को 15 लाख रुपए देने तथा किसानों की आय दोगुनी करने के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी की झूठ की फैक्टरी हमेशा नहीं चलेगी। उन्होंने यहां तक कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताया और इस बारे में झूठ बोला। मोदी ने उत्तर प्रदेश के आगरा में एक चुनावी रैली में बृहस्पतिवार को कहा था कि इस चुनाव में कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, उस पर शत प्रतिशत मुस्लिम लीग की छाप है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा देश का धन लूट रही है और इसे *अपने कुछ अमीर दोस्तों* को दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के एक छोर से दूसरे छोर तक *भारत जोड़ो यात्रा* का नेतृत्व किया, जबकि मोदी *भारत तोड़ो* के लिए काम कर रहे हैं। खड़गे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस पर हमले कर रहे हैं क्योंकि वह इससे डरे हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस और गांधी परिवार पर लगातार हमला बोल रहे हैं क्योंकि वह डरे हुए हैं और उन्हें सत्ता जाने का डर सता रहा है। खड़गे ने कहा कि जो व्यक्ति दूसरों का दर्द नहीं महसूस कर सकता उसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है।

### नगालैंड में जबरन ...

जबरन वसूली से त्रस्त हो चुका है। और अब वे लोग इस तरह की वसूली बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने सरकार से इन अंडरग्राउंड समूह की वसूली, धमकी को रोकने के सख्त कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि जबरन वसूली अब सहन नहीं की जाए। प्रशासन इसके लिए कोई सख्त कदम उठाए। इस तरह की गतिविधियों को बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार से कई बार इसकी शिकायत की गई है, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। इसलिए अब विरोध जारी रहेगा, बाजार बंद रहेगा। सीएनसीआई ने सभी बाजार, व्यापार संबंधी निजी कार्यालयों को बंद रखने का एलान किया है। हालांकि बैंक, शैक्षणिक संस्थान, सरकारी कार्यालय और अस्पतालों को इस बंद से बाहर रखा गया है। राज्य के गृह आयुक्त विक्की केन्या का कहना है कि सरकार को मिली सूचना के अनुसार व्यवसायों से खासतौर पर दीमापुर में कई समूहों द्वारा कर वसूली की गई। इनमें से अधिकांश ने सरकार के साथ युद्धविराम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह स्थिति सही नहीं है। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत जबरन वसूली करने वालों को गिरफ्तार किया जाए। साथ ही दीमापुर पुलिस आयुक्त को बाजार में गश्त बढ़ाने के लिए कहा है। इसके अलावा आईआरबीएन कर्मियो की होगी तैनाती भी कराई जाएगी। जबरन वसूली के मामलों की जांच के लिए सरकार ने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि विशेष सेल का गठन किया जाए। जो कि जबरन वसूली के मामलों पर गंभीरता से जांच करे। दीमापुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (डीसीसीआई) ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पहले भी ऐसे निर्देश दे चुकी है। लेकिन फिर भी स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार कोई संतोषजनक कदम नहीं उठाती तब तक बंद जारी रहेगा।

### कुकी उग्रवादियों ने ...

मणिपुर में अधिक मतदान और हिंसा की न्यूनतम घटना होने की बात कही। प्रदीप कुमार झा ने कहा कि हमें मिली आखिरी रिपोर्ट तक, मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत के बीच था और कोई बड़ी गड़बड़ी की सूचना नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरे चरण के मतदान के दौरान लोग बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए निकले। एक मतदान केंद्र पर ईवीएम में खराबी की एक घटना सामने आई थी, लेकिन कोई बड़ी गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। उन्होंने कहा कि बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र व 13 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। ईवीएम को नुकसान पहुंचाने की एक घटना अब तक सामने आई है। हम इस पर गौर कर रहे हैं और सभी जिलों से संपर्क कर रहे हैं और उन्होंने बताया गया कि मतदान शांतिपूर्ण रहा है। झा ने आगे कहा कि बाहरी मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र में 2019 के चुनाव की तुलना में मतदान अपेक्षाकृत अधिक शांतिपूर्ण रहा। भारतीय चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट ऐप के मुताबिक, आखिरी रिपोर्ट तक 78.78 फीसदी वोट पड़े। इससे पहले, 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान के दौरान हिंसा की कई घटनाएं सामने आने के बाद 22 अप्रैल को आंतरिक मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र के 11 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान हुआ था। 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान शाम 6 बजे समाप्त हो गया। सात चरण के आम चुनावों के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 निर्वाचन क्षेत्रों में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। चुनाव आयोग के अनुसार, शुरुआती चरण में कुल मतदान 62 प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया। अगले दौर का मतदान 7 मई को होगा। वोटों की गिनती और नतीजे 4 जून को घोषित किए जाएंगे।

### बेकार नहीं जाएगा...

भुगतने होंगे। हम अपराधियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं। सिंह ने कहा, आज से हमने असम राइफल्स और सेना सहित सभी सुरक्षा बलों को अभियान तेज करने का निर्देश दिया है। हम अपराधियों को पकड़ने के लिए अपनी जांच में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। सुरक्षा सलाहकार कुलदीप ने शनिवार को पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि आज तड़के मोइरांग पुलिस स्टेशन क्षेत्र के नारानसेना में इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबीएन) शिविर पर आकर कथित कुकी उग्रवादियों ने गोलीबारी की। अंधेरा होने के बावजूद, जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। हालांकि, गोलीबारी के दौरान सीआरपीएफ के चार जवान घायल हो गए, जिनमें से दो ने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान असम के कोकराझार जिले के मूल निवासी सब इंस्पेक्टर एन सरकार और पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले के हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में की गई है। वहीं, घायलों में इंस्पेक्टर जादव दास और कॉन्स्टेबल आफताब दास शामिल हैं। दोनों को छर्रे लगे हैं। इस दौरान सुरक्षा सलाहकार ने हाल ही में कांगपोकपी जिले में आईईडी विस्फोट के जरिए एक पुल को क्षतिग्रस्त करने पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे और केंद्रीय बलों पर हो रहे हमलों पर चिंता व्यक्त की। कुलदीप सिंह ने कहा कि कुकी और मैतेई उग्रवादी समूह अब सड़क और पुलों को निशाना बनाने के साथ ही केंद्रीय बलों पर भी हमला कर रहे हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। सिंह ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि हमें सुरक्षा बलों पर ऐसे हमलों की उम्मीद नहीं थी। क्योंकि मैतैई और कुकी उग्रवादी शांति बनाए रखने में लगे सुरक्षा बलों को निशाना बनाने से बचते रहे हैं। सुरक्षा बलों ने दोनों समुदाय के बीच तटस्थता बनाए रखने का प्रयास किया है। दोनों समुदायों ने सुरक्षा बलों की उपस्थिति का स्वागत भी किया था तो अब उन पर हमला क्यों कर रहे हैं।

### उत्तराखंड के जंगलों ...

साथ दो लोग घायल हो गए हैं। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, एक नवंबर 2023 से अब तक जंगल में आग की 575 घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे 689.89 हेक्टेयर वन प्रभावित हो चुके हैं। गढ़वाल में 211 व कुमाऊं में 313 तो वन्यजीव में 51 घटनाएं अब तक हुई हैं। वनाग्नि से अब तक 1441771 रुपए की आर्थिक क्षति हुई है। वन सिपाही समेत दो लोग घायल भी हुए हैं। वन विभाग का कहना है कि जंगल की आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश की जा रही है। दरअसल, इस साल बारिश और बर्फबारी न होने गर्मी अधिक होने लगी है। बढ़ते तापमान के बीच जंगलों में भीषण आग लगी हुई है। खड़ी पहाड़ियों में आग लगने के चलते वन विभाग व दमकल विभाग की टीम कई स्थानों पर आग पर काबू नहीं पा सकी। इसके चलते जंगल जलकर राख हो चुके हैं। नैनीताल के आसपास के जंगल के क्षेत्र में लगी आग पर अब हेलीकॉप्टर की मदद से पानी डाला जा रहा है। नैनीझील और भीमताल की झील से पानी निकालकर वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद से आग पर पानी बरसाया जा रहा है। इसके चलते झील में नौकायन भी बंद है। विविध माध्यमों से सामंजस्य बनाकर वनाग्नि पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। नैनीताल में लियाकांठा के जंगल में लगी आग की वजह से भवाली जाने वाली सड़क पर धुआं छाया है। इस धुएं से सांस लेने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धुएं की वजह से लोगों का दम घुट रहा है।

### कल गुवाहाटी...

गुवाहाटी में साइकिल फैक्टरी से लेकर लाल गणेश के बीच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के लिए ऐसी कार्ययोजना तैयार की गई है कि बिना किसी ट्रैफिक जाम के इसे भव्य और शांतिपूर्ण पूरा किया जा सके।

### सुनीता केजरीवाल की...

स्कूल बनवाए, मुफ्त बिजली मुहैया कराई और मोहल्ला क्लीनिक खोले। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि हम तानाशाही हटाने और लोकतंत्र बचाने के लिए वोट करेंगे। पार्टी नेताओं के मुताबिक, धनशोधन मामले में अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी आप के चुनाव अभियान की अगुवाई करेंगी। इसी के तहत सुनीता रविवार को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में भी रोड शो करेंगी। पार्टी नेताओं ने कहा कि सुनीता केजरीवाल दक्षिणी दिल्ली और नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्रों के साथ-साथ गुजरात, हरियाणा और पंजाब में भी आप उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगी।

### एलेंजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज...

के दिन विनर घोषित किया गया। एलेंजांद्रा ने महिलाओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि मैं सभी महिलाओं से कहना चाहती हूं कि खूबसूरती की कोई उम्र नहीं होती। अपनी हिम्मत से हम सभी बाधाओं को तोड़ सकते हैं। एलेंजांद्रा अब 25 मई 2024 को होने वाले मिस यूनिवर्स अर्जेंटीना के कॉन्टेस्ट की तैयारी कर रही हैं। अगर इसमें भी एलेंजांद्रा जीत हासिल करती हैं, तो वो मिस यूनिवर्स 2024 में दुनिया के सामने अर्जेंटीना को रिप्रेजेंट करेंगी। उन्होंने कहा कि मैं इस ब्यूटी कॉम्पिटिशन को जीतने के बाद काफी एक्साइटेड हूं। क्योंकि हम एक नए तरह के कॉन्टेस्ट की शुरुआत कर रहे हैं। जिसमें महिलाएं न सिर्फ फिजिकली सुंदरता, बल्कि अपनी वैल्यू को भी अलग ही लेवल पर ले जा पाएंगी।

### नक्सलवाद, आतंकवाद और...

घूमा है। उन्होंने पोरबंदर लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार मनसुख मांडविया का जिक्र कर कहा कि कोरोनाकाल में मांडिवया ने घबराए बगैर एकदम शांत मन से वैक्सीन का काम पूरा किया। कांग्रेस सरकार में देश में 7 एम्स था, आज हर साल एक लाख डॉक्टर तैयार हो रहे हैं। यह मोदी सरकार की देन है। जन औषधि केंद्र मनसुख मांडविया ने शुरू कराया। सौराष्ट्र में पानी की समस्या का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि सौराष्ट्र को कांग्रेस सरकार ने जल संकट की ओर धकेल दिया था। मोदी सरकार ने नर्मदा के जरिए पीने का पानी कच्छ तक पहुंचाया। अयोध्या की चर्चा कर शाह ने कहा कि कांग्रेस सरकार राममंदिर का मुद्दा 70 वर्षों तक भटकाती रही। आखिरकार मोदी ने दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के साथ ही राममंदिर का निर्माण करवा कर समग्र वातावरण जयश्रीराम के नाम कर दिया है। गरीबों को अनाज, शौचालय, खुद का घर, उज्ज्वला गैस, नल से जल और 5 लाख तक की स्वास्थ्य सहायता का काम नरेंद्र मोदी ने किया। अनुच्छेद 370 का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने 5 अगस्त 2019 को इसे हटा दिया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह की सरकार के समय कोई भी ऐरा-गैरा हमला करता था लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर पाकिस्तान के घर में घुसकर एयर और सर्जिकल स्ट्राइक कर दुश्मनों के हौसले पस्त कर दिए गए।

### लड़कियों की उम्मीदों ...

के बावजूद शिक्षा के अधिकार के लिए लड़कियों के संघर्ष का समर्थन करते हुए संयुक्त राष्ट्र महिला संभाग ने गुरुवार को आईसीटी में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शैक्षणिक प्रतिबंधों के सामने अफगान लड़कियों के अधिकार पर प्रकाश डाला। हर वर्ष अप्रैल के चौथे गुरुवार को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) विभाग में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। ढाई वर्ष से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी तालिबान ने लड़कियों के लिए स्कूलों को फिर खोलने के बारे में कोई सार्थक वक्तव्य नहीं दिया है। यही स्थिति जारी रहने पर अफगानिस्तान में मानवीय संकट गहरा जाएगा।

तापमान

अधिकतम 37⁰ न्यूनतम 22⁰

## ट्रक की चपेट में आने से पुलिस कांस्टेबल की मौत

**गुवाहाटी ( हिंस )।** चुनाव ड्यूटी पर जा रहे एक पुलिस कांस्टेबल की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। यह दुर्घटना उत्तर गुवाहाटी के अमीनगांव में शनिवार की सुबह हुई, जब कांस्टेबल अपनी बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर ड्यूटी के लिए जा रहा था। इसी बीच अचानक बाईहाटा की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दिया। मृतक का सिर ट्रक के पहिए के नीचे आ गया, जिस कारण उसकी खोपड़ी के परखच्चे उड़ गए। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान असम पुलिस के कांस्टेबल गोपाल चंद्र चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम कराने को भेज दिया। इसी बीच, जालुकबाड़ी में पुलिस ने उस ट्रक को जब्त कर लिया है, जो दुर्घटना का कारण बना था।

# अखिल गोगोई फालतू आदमी : बदरुद्दीन अजमल



**धुबड़ी ( हिंस )।** ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के प्रमुख तथा धुबड़ी लोकसभा सीट के प्रत्याशी मौलाना बदरुद्दीन अजमल ने कहा है कि अखिल गोगोई एक फालतू आदमी हैं, इसलिए उनकी बातों का जवाब देना उचित नहीं समझते हैं। अजमल ने कहा कि अखिल गोगोई जैसे व्यक्ति की बात का जवाब देकर उनके कद को बढ़ाना है। अजमल शनिवार को धुबड़ी में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अखिल गोगोई द्वारा भाजपा तथा एआईयूडीएफ पर हिंदू और मुस्लिम धर्म को लेकर सांप्रदायिक राजनीति करने का लगाए गए आरोप का अजमल जवाब दे रहे थे। मंत्री जयंत मल्लबरुवा के एक बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अजमल ने कहा कि इस बार भाजपा और अगप के जितने भी मंत्री होंगे, सभी को उठाकर ब्रह्मपुत्र में फेंक देंगे। एक सवाल पर अजमल ने कहा कि इस बार भी उनका मुकाबला स्वयं उनके साथ ही है। जहां कांग्रेस उम्मीदवार रकीबुल हुसैन पहले ही चरण में आउट हो जाएंगे, वहीं एनडीए उम्मीदवार जावेद इस्लाम का कोई अस्तित्व नहीं है। अजमल ने कहा कि पिछली बार अजमल अपना रिकॉर्ड 5 लाख वोटों से तोड़े थे। इस बार 8 लाख वोटों से तोड़ेंगे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के कई सवालों के उत्तर दिए।

## गुवाहाटी में दो हथियारबंद युवक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी में चुनाव के मौके पर आतंक मचा रहे दो हथियारबंद युवकों को पानबाजार से चांदमारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार युवकों की पहचान देवजीत देवरी और अजय विश्वकर्मा के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए दोनों युवक सिलापथार के रहने वाले हैं। पुलिस को शहर में अंजाम दिए गए विभिन्न अपराधों में इनकी संलिप्तता की जानकारी मिली है। 7.65 पिस्तौल के तीन जिंदा कारतूस दोनों युवकों के पास से बरामद किए हैं। लेकिन, अभी तक पुलिस पिस्तौल बरामद नहीं कर पाई है। गिरफ्तार युवक को पहले भी नकली नोटों की तस्करी के मामले में तेजपुर में गिरफ्तार किया गया था। गिरोह के दो अन्य सदस्यों, अजीत गोगोई और ध्रुवज्योति नाथ को इसी बीच चांदमारी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है।

## दो चरणों के मतदान में भाजपा को नौ सीट पक्की : मुख्यमंत्री



**नलबाड़ी ( हिंस )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि असम में संपन्न हुए दो चरणों के मतदान के बाद यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि भाजपा की नौ सीटें पक्की हो चुकी है। जबकि, 10वीं सीट पर मुकाबला हुआ है। उल्लेखनीय है कि असम में दो चरणों में राज्य की कुल 14 में से 10 सीटों पर चुनाव संपन्न हो चुके हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को सर्थेबाड़ी में तीसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरे चरण में राज्य के चार सीटों पर होने जा रहे चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में अच्छा परिणाम निकलेगा। उन्होंने कहा कि असम की जनता ने भाजपा के कार्यों को देखकर इसके प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया है। उन्होंने स्थानीय कई समस्याओं से संबंधित सवालों के भी इस दौरान सीधे-सीधे उत्तर दिए।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा का हास्यास्पद बयान

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने शनिवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संवाददाता सम्मेलन के दौरान पूछे गए एक प्रश्न का हास्यास्पद उत्तर दिया। प्रश्न विपक्षी एकता को लेकर पूछा गया था। डिब्रूगढ़ लोकसभा सीट से विपक्ष के सामूहिक उम्मीदवार असम जातीय परिषद के लुरिन ज्योति गोगोई के विरुद्ध आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मनोज धनवार के खड़े होने से संबंधित था। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लुरिन के आग्रह के कारण आम आदमी पार्टी ने डिब्रूगढ़ से अपना उम्मीदवार खड़ा किया। यही नहीं, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार खड़ा होने से विपक्ष के उम्मीदवार को फायदा ही पहुंचा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी डिब्रूगढ़ सीट छोड़ने के लिए तैयार हो गई थी, लेकिन कांग्रेस की आग्रह पर उम्मीदवार खड़े किए गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस बात का साक्षी वहां मौजूद एआईसीसी के असम प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह को भी बना लिया। पत्रकार, कांग्रेस अध्यक्ष के इस प्रकार के उत्तर से अचंभित रह गए। खड़गे इस दौरान चुपचाप बैठे रहे।




## हेरोइन के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**इंफाल ( हिंस )।** हिंसा प्रभावित मणिपुर में सुरक्षा बलों की लाख चौकसी के बावजूद ड्रग्स तस्कर तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। हर दिन मणिपुर में हथियार, गोला बारूद आदि की बरामदगी के साथ ही ड्रग्स आदि भी बरामद किए जा रहे हैं। इस सिलसिले में पुलिस ने आज बताया कि मणिपुर पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से लगभग 238 ग्राम वजन वाले संदिग्ध हेरोइन पाउडर से भरे 20 साबुनदानी बरामद किए गए। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान वाहिदा (49), रुकसाना (21), मोहम्मद अबरार (30), युमनाम अजीत कुमार सिंह और पेबम महशोर सिंह (38) के रूप में की गई है। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की जा रही है। इस सिलसिले में एक प्राथमिकी दर्ज कर आगे के कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।



## दूसरे चरण के मतदान के दिन छह ट्रेनें रद्द किए जाने पर आम आदमी पार्टी ने अफशोस जताया

**गुवाहाटी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा मतदान के दूसरे चरण के दिन नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे (एनईएफआर) द्वारा बराक के लिए छह ट्रेनों को रद्द करने को हल्के में नहीं लिया है। एक प्रेस विज्ञप्ति में, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. भबेन चौधरी ने कहा कि पार्टी असम में पहले चरण के मतदान के निराशाजनक प्रदर्शन से निराश है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा सहित भाजपा नेता, जिन्होंने पहले दावा किया था कि उन्हें मिया वोट नहीं चाहिए, दूसरे चरण के चुनाव के दौरान मिया को खुश करने में असफल नहीं हुए। भाजपा ने इन अल्पसंख्यक मतदाताओं को शिलांग और करीमगंज निर्वाचन क्षेत्रों में अपनी जीत और हार के कारक के रूप में पहचाना है। इसका कारण यह है कि उस दिन हजारों अल्पसंख्यक मतदाताओं ने अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए इन ट्रेनों में यात्रा की थी और रेलवे विभाग की सेवाएं तुरंत रद्द होने के कारण वे मतदान नहीं कर सके। चौधरी ने कहा कि वे चालाकी से मतदाताओं को मतदान से वंचित करके चुनाव जीतने का सपना देख रहे हैं। असम की जनता समझ चुकी है कि भाजपा शासन देश के लिए बहुत घातक है। पिछले दस वर्षों में देश के संसाधनों को निजी कंपनियों को सौंप दिया गया है, जिससे पूरे देश में वित्तीय असमानता पैदा हो गई है।

## बंगाईगांव में बुजुर्गों के लिए पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान शुरू



**बंगाईगांव।** तीन नंबर बरपेटा लोकसभा सीट के अंतर्गत बंगाईगांव विधानसभा क्षेत्र में बुजुर्गों के लिए पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान शुरू हुआ। स्थानीय चुनाव अधिकारी घर-घर जाकर उन सभी बुजुर्गों का बैलेट पेपर से मतदान करवा रहे हैं, जो बुजुर्ग मतदान के दिन मतदान केंद्र जाने में असमर्थ है। इसी कड़ी में आज श्रीमती जानकी देवी अग्रवाल ने पहले मतदान करके इसकी शुरुआत की। सर्वप्रथम चुनाव अधिकारियों ने पूरी चुनाव प्रक्रिया से श्रीमती जानकी देवी अग्रवाल को अवगत कराया गया। उसके बाद विभिन्न चुनाव प्रेक्षकों की उपस्थिति एवं निगरानी में पोस्टल बैलट मतदान की प्रक्रिया को पूरी की गई। इसके अलावा कई बुजुर्गों ने अपने घर से मताधिकार का प्रयोग पोस्टल बैलेट के द्वारा किया। घर से मतदान कर मतदाताओं ने अपनी खुशी जाहिर की।

## गुवाहाटी की बिटिया को मिला भारत की सबसे कम उम्र की मानद डॉक्टरेट की उपाधि



**गुवाहाटी।** गुवाहाटी की बिटिया आराध्या धानुका ने महज 10 साल और 25 दिन की उम्र में मानद डॉक्टरेट पुरस्कार परिषद से डॉक्टरेट पुरस्कार प्राप्त करने वाली सबसे कम उम्र की लड़की बन गई है। पुरस्कार देने वाले दोनों प्रतिष्ठित संगठनों द्वारा बताए गए अनुसार, भारत में यह पुरस्कार पाने वाली सबसे कम उम्र की लड़की आराध्या धानुका है। आराध्या धानुका को आज नई दिल्ली में वर्ल्ड पीस ऑफ यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी द्वारा खेल में मानद डॉक्टरेट की उपाधि और भारत गौरव रत्न श्रीसम्मान पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। जानी-मानी बॉलीवुड अभिनेत्री दिया मिर्जा ने एक कार्यक्रम के दौरान यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. आराध्या धानुका को प्रदान किया। इस मौके पर परमवीर चक्र पुरस्कार विजेता योगेन्द्र सिंह यादव, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान नरसिंह यादव, जज अवनीश सक्सैना सहित कई अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति डॉ. आराध्या धानुका ने खेल में सबसे कम उम्र में मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त करने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है और उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा से असम सहित समूचे पूर्वोत्तर को गौरवान्वित किया है। उन्होंने असम की हुला हूपिंग गर्ल के खिताब के साथ-साथ 7 राज्य रिकॉर्ड, 3 राष्ट्रीय रिकॉर्ड और 3 विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किए हैं। शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्टता और उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का श्रोत है। गुवाहाटी के प्रतिष्ठित समाहसेवी डॉ. अशोक धानुका ने आराध्या धानुका की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए दोनों संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। मालूम हो कि डॉ. आराध्या धानुका युवा उद्योगपति डॉ. घनश्याम-स्वाति धानुका की पुत्री और प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अशोक-कुसुम धानुका की पौत्री हैं।

## मारवाड़ी पंचायत, लंका के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल सम्मानित



**होजाई ( निसं )।** विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर बांग्ला साहित्य सभा, असम की लंका शाखा की ओर से मारवाड़ी पंचायत लंका के अध्यक्ष व समाज सेवी राजकुमार अग्रवाल का लंका स्थित श्री राम मंदिर में सम्मान किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उनका सम्मान दुपट्टा तथा अभिनंदन पत्र देकर किया गया और श्रीमद् भागवत गीता तथा बंगला साहित्य सभा असम की पत्रिका *संपर्क* की एक प्रति भेट की। बंगला साहित्य सभा लंका के कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष रतीश दास के नेतृत्व में एक दल ने उनका सम्मान किया। इस संवाददाता से बात करते हुए मारवाड़ी पंचायत लंका के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने अपनी खुशी जाहिर की व बांग्ला साहित्य सभा को साधुवाद व्यक्त किया।

## मायुमं, कामाख्या शाखा ने नमन एजुकेशन के शिक्षक गौरव पोद्दार ने किया करियर काउंसलिंग का कार्यक्रम आयोजित



**गुवाहाटी ( विभास )।** मारवाड़ी युवा मंच कामाख्या शाखा ने नमन एजुकेशन के शिक्षक गौरव पोद्दार द्वारा करियर काउंसलिंग का कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम में सीए फाउंडेशन, बैंकिंग, बिजनेस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मुस्कान पोद्दार द्वारा योग हमारे जीवन के लिए कितना जरूरी है कैसे हम मेडिटेशन करके अपने दिमाग को स्थिर रखकर पढ़ाई पर ध्यान कर सकते हैं। इसके अलावा कार्यक्रम में बताया गया कि हर व्यक्ति को अपने लिए कुछ समय निकालकर योग जरूर करना चाहिए 9,10,11,12 के बच्चों ने कार्यक्रम में उपस्थित दर्ज करवाई गौरव सर ने बहुत ही खूबसूरत तरीके से बच्चों को समझाया की शिक्षा के क्षेत्र में उनको किस तरह से आगे बढ़ाना है। आज के इस कार्यक्रम में 20 से 22 बच्चे उपस्थित थे अध्यक्ष स्नेहल बीदासरिया ने फूलाम गमछा से उनका स्वागत किया और सचिव सिया शर्मा कोषाध्यक्ष खुशबू मोर संयोजिका चांदनी बैद ने पुरस्कार से सम्मानित किया। सहसचिव मीना जैन, उषा अग्रवाल, सीमा शर्मा, अरुणा अग्रवाल, किरण अग्रवाल, नेहा जैन सभी सदस्य मौजूद थी आज के इस कार्यक्रम के संयोजिका रिंकी रारा सहसंयोजीका चांदनी बैद थी। बहुत ही खूबसूरती से यह कार्यक्रम सफल हुआ। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी अरुणा अग्रवाल ने दी साथ ही आज सुबह जलाराम बापा आश्रम में आनंद सबके लिए मनाया गया जिसमे उमा शर्मा का पुरा सहयोग रहा जिसकी संयोजिका सीमा शर्मा और सहसंयोजिका डिम्पल शर्मा थी।

## धनसिरी के बरपथार में लगी भीषण आग

**गोलाघाट ( हिंस )।** धनसिरी सब डिवीजन के बरपथार नगर के वार्ड नंबर 10 में शनिवार की दोपहर लगी भीषण आग में एक परिवार का सबकुछ जलकर राख हो गया। आग शनिवार को उस समय लगी, जब झंतू पाल के संयुक्त परिवार के सदस्य विभिन्न कार्यों में व्यस्त थे। तभी उनके आवास पर जोरदार आवाज हुई। परिजनों के अनुसार यह हादसा बिजली के शॉट सर्किट की वजह से हुआ। परिवार के सभी दस्तावेज, गहने, कपड़े, फर्नीचर आदि सहित लाखों रुपये की संपत्ति आग में जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काफी हद तक काबू पाया गया। लेकिन बाद में सूचना पाकर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।

## तीन दिवसीय कार्यक्रम के साथ 56वां फकीराग्राम अंचलिक रंगाली बिहू कार्यक्रम सोल्लास संपन्न



**कोकराझाड़ ( विभास )।** कोकराझाड़ जिले के फकीराग्राम हायर सेकंडारी स्कूल के फील्ड में तीन दिनीय कार्यकर्म के साथ आयोजित 56वां फकीराग्राम अंचलिक रंगाली बिहू कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन बिहू झंडा फहराया गया। झंडा बिहू स्वागत समिति के अध्यक्ष डॉ. मानिक बरुवा ने फहराया। इसके बाद शहीद तर्पण किए गए। इसके बाद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। दूसरे दिन मुकली बिहू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बिहू कुंवरी और बिहू माइना प्रतियोगिता के अलावा प्राइज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन सुबह 11 बजे एक सांस्कृतिक रैली निकाला गया। रैली को फीता काट कर उद्घाटन फकीराग्राम महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. चन्मीया अहमद ने की। इस रैली में हजारों की संख्या में विभिन्न जाति धर्म के लोगों ने भाग लिया और अपनी संस्कृति को इस रैली के माध्यम से प्रदर्शन किया। यह रैली फकीराग्राम शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजारी और अंत में फकीराग्राम हायर सेकंडरी में आकर संपन्न हुई। वहीं शाम को 8 बजे पेपा नामक स्मृति ग्रंथ का विमोचन डॉ. परेश चंद्र राय ने किया। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का उद्घाटन 29 नंबर कोकराझाड़ के विधायक रबीराम नार्जारी ने किया। विधायक रविराम नार्जारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर स्वागत समिति के अध्यक्ष डॉ. मानिक बरुवा, मून (उदय) बसुमतरी, मृनाल मेधी, नजरुल इस्लाम, धुरु कुमार मेधी, डॉ. राजउल करीम, प्रनब शर्मा सहित अन्य अतिथिगण उस्थित थे। सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण का कंद्र रुपाली कश्यप सुवांगी कश्यप उपस्थित थीं, जिन्होंने अपने संगीत से लोगों को नाचने पर मजबूर किया। दूसरी ओर चितला के कृष्ण बर्मन की पुत्री शिशु शिल्पी नीतूमुनी बर्मन की संगीत से लोग काफी खुश हुए।

संपादकीय

# चुनावों की चरागाह में

**राजनीतिक** परिस्थितियां हमेशा हर मुख्यमंत्री को कांगड़ा की चुनौतियों के समक्ष खड़ा करती हैं और प्रदेश के मौजूदा मुखिया भी इस दौर से गुजर रहे हैं। कांगड़ा की दीवार-कांगड़ा के दीदार और जुल्म की राह पर रार कल थी और आज भी है। कांगड़ा यूं तो सत्ता का एतबार है और राजनीतिक मशक्कत की सफलता का त्योहार है, लेकिन सरकारें बनते ही यह असंतुलित हो रहा है। खासतौर पर मुख्यमंत्री पद की दौड़ में यह जिला लाचार, बीमार और शिकार ही साबित हुआ। वाईएस परमार के दौर में पंडित सालिग राम को परास्त करने वाले हों या वीरभद्र सिंह के दौर में मेजर विजय सिंह मनकोटिया के पथ को नष्ट करने वाले नेताओं का कांगड़ी समूह तब भी था। यह धूमल सरकार या जयराम ठाकुर की सत्ता में भी देख गया कि चंद मुद्दे, चंद ख्वाहिशें, चंद नेता और तमाम महत्त्वाकांक्षाओं को किस तरह ठोकरें लगीं। इतिहास में अपने-अपने पतन की कहानी लिख चुके विजय सिंह मनकोटिया या डा. राजन सुशांत की दास्तान का जिक्र अगर अंधे कुओं में होता है, तो यह सफर का रोमांच नहीं, तड़पाने का रास्ता है। कांगड़ा ने अपने ही नेताओं को तड़पते देखा, क्योंकि सदा सत्ता सौंपने वाला जिला एक समूह नहीं बन सका। हर बार लाडले वे बने जो नेता बन ही नहीं सकते थे। दो बार मुख्यमंत्री बनकर भी क्या शांता कुमार क्षेत्रीय संवेदना के मुखिया और सियासी ताकत के केंद्र बने। सवाल हमेशा शांता के अधूरे सफर से पूछते रहे, लेकिन डूबा तो यहां का सियासी इतिहास। इसलिए एक बड़ी लाबी खड़ी की गई, जो यह तय कर रही थी कि किस तरह भूखंड की राजनीतिक हेकड़ी खत्म करके कैसे परवान चढ़ा जाए। कांगड़ा के जितने टुकड़े सत्ता को चाहिए वे हर बार हो जाते हैं। कभी जिलों के नाम पर, कभी काम तमाम कर या कभी सत्ता के पदों पर बड़े नेताओं का वजन घटाकर हिमाचल की सरकारें इनसाफ कर रही हैं। पिछली कुछ सरकारों में कांगड़ा को मिले मंत्रिमंडलीय पदों या मंत्रालयों का आबंटन इस तरह हुआ कि राज्य का बजट यहां मुरझा गया। न कोई तहरीर और न ही कोई तकरार, वरना डेढ़ साल की मौजूदा सरकार केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल परिसर के तीस करोड़ की शर्त की खिल्ली न उड़ाती। जिस कफन में सो गए अतीत में कई नेता, वह फिर मचान पर खड़ा शिकार गिन रहा। कहां गए रोशन दरवाजे जहां मनकोटिया, सुशांत, किशन कपूर व रमेश धवाला कभी आबाद थे। क्या इस पारी का अंत सुधीर शर्मा की भी यही कहानी लिखेगा। कम से कम जिस तरह की बयानबाजी व आचरण की जोर आजमाइश में शब्दावली बाहर आ रही है, उससे धब्बा तो जरूर लगेगा। वैसे हिमाचल के राजनीतिक संतुलन के लिए शिमला, मंडी और कांगड़ा का अवतार सलामत रहना चाहिए, लेकिन विभाजन के नए संकल्प अब चार संसदीय क्षेत्रों में उपज नहीं बंजरपन उगाना चाहते हैं। सत्ता की उर्वरता इस बार अगर शिमला संसदीय क्षेत्र को सियासत का ग्रीन हाउस बना गई, तो मंडी की वसंत पहले ही चुनावी फलक से शरमा गई है। रही कांगड़ा की हालत, तो यहां हर सत्ता का दोष यही रहा कि कुछ अहम नेता हमेशा हाशिए पर पहुंचा दिए गए। इस बार सत्ता के बीच ही सत्ता के खिलाफ जो जंग हुई, उसके परिणाम में हम या तो नेताओं को बनते या टूटते देख सकते हैं। ऐसा नहीं कि सत्ता की टूट कांगड़ा को मिली, बल्कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की आरजू भी कहीं धूमिल हुई। नेताओं की चरागाह में बंजर हुई मर्यादाओं का आलम यह कि कहीं गंगू राम मुसाफिर पल में लौटते, तो अगले पल रोकते हुए मिल जाएंगे। चुनावी रेलगाड़ी में सवार होते डा. राम लाल मार्कंडेय को कांग्रेस की हरी झंडी का इंतजार रहा, लेकिन सुजानपुर में भाजपा की नाव पर रहे रणजीत सिंह ठाकुर अब कांग्रेस के दरिया में कूद पड़े हैं। जनता चाहे तो अचंभित होना छोड़ सकती है क्योंकि सियासत की इत्रदानी में कभी खुशबू हो नहीं सकती। ये चुनाव कुछ नेताओं की बर्बादी का सबब बन सकते हैं, भले ही सियासी बकवास कुछ भी होता रहे।

> कांगड़ा यूं तो सत्ता का एतबार है और राजनीतिक मशक्कत की सफलता का त्योहार है, लेकिन सरकारें बनते ही यह असंतुलित हो रहा है। खासतौर पर मुख्यमंत्री पद की दौड़ में यह जिला लाचार, बीमार और शिकार ही साबित हुआ। वाईएस परमार के दौर में पंडित सालिग राम को परास्त करने वाले हों या वीरभद्र सिंह के दौर में मेजर विजय सिंह मनकोटिया के पथ को नष्ट करने वाले नेताओं का कांगड़ी समूह तब भी था। यह धूमल सरकार या जयराम ठाकुर की सत्ता में भी देख गया कि चंद मुद्दे, चंद ख्वाहिशें, चंद नेता और तमाम महत्वाकांक्षाओं को किस तरह ठोकरें लगीं। इतिहास में अपने-अपने पतन की कहानी लिख चुके विजय सिंह मनकोटिया या डा. राजन सुशांत की दास्तान का जिक्र अगर अंधे कुओं में होता है, तो यह सफर का रोमांच नहीं, तड़पाने का रास्ता है। कांगड़ा ने अपने ही नेताओं को तड़पते देखा, क्योंकि सदा सत्ता सौंपने वाला जिला एक समूह नहीं बन सका। हर बार लाडले वे बने जो नेता बन ही नहीं सकते थे। दो बार मुख्यमंत्री बनकर भी क्या शांता कुमार क्षेत्रीय संवेदना के मुखिया और सियासी ताकत के केंद्र बने।

## नरेंद्र मोदी ने अपनी आशंका व्यक्त की है कि कांग्रेस यह पैसा देश में घुस आए अवैध घुसपैठियों में बांट देगी

# तीसरे मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की पैरवी

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते भाजपा सरकार ने जेल भेज दिया है, लेकिन भ्रष्टाचार के इसी प्रकार के आरोपों के कारण केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा? राहुल गांधी का कहना है कि विजयन को बिना देर किए तुरंत गिरफ्तार कर लेना चाहिए। राहुल गांधी को गुस्सा और आश्चर्य है कि उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा? वे इसका विश्लेषण करते हुए कहते हैं कि केरल में भारतीय जनता पार्टी पिनराई विजयन से मिली हुई है।

**पिछले** कुछ दिनों से राहुल गांधी देश में घूम-घूम कर बराबर मांग कर रहे हैं कि झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों को भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते भाजपा सरकार ने जेल भेज दिया है, लेकिन भ्रष्टाचार के इसी प्रकार के आरोपों के कारण केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा? राहुल गांधी का कहना है कि विजयन को बिना देर किए तुरंत गिरफ्तार कर लेना चाहिए। राहुल गांधी को गुस्सा और आश्चर्य है कि उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा? वे इसका विश्लेषण करते हुए कहते हैं कि केरल में भारतीय जनता पार्टी पिनराई विजयन से मिली हुई है। यहां यह बताना जरूरी है कि पिनराई विजयन सीपीएम के नेता हैं और सीपीएम तथाकथित इंडिया गठबंधन में राहुल गांधी की कांग्रेस की सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी है। राहुल गांधी के देश के कम्युनिस्टों से कैसे संबंध हैं, इस पृष्ठभूमि में यह जान लेना भी जरूरी है। इसका सामान्य उत्तर तो यही होगा कि बहुत अच्छे हैं। यह भी कहा जाता है कि पिछले कुछ वर्षों से तो इतने अच्छे हो गए हैं कि बहुत से कम्युनिस्ट कांग्रेस पार्टी में ही चले गए हैं और उन्होंने वहां राहुल गांधी के रथ की कमान ही संभाल रखी है। उनमें से कुछ ने कांग्रेस के नीति पत्र लिखने का काम संभाल लिया है। शायद यही कारण है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट कर दिया है कि वह देश के सभी लोगों का सर्वे करवाएगी और पता करेगी कि लोगों के पास क्या-क्या है। फिर उसे जरूरतमंदों में रिडिसट्रिब्यूट करेगी। अब किन लोगों में करेगी, इसको लेकर नरेंद्र मोदी ने अपनी आशंका व्यक्त की है कि कांग्रेस यह पैसा देश में घुस आए अवैध घुसपैठियों में बांट देगी। कांग्रेस का सारा मामला कार्ल मार्क्स वाला बनता जा रहा है। कम्युनिस्ट भी बहुत खुश थे। सभी रैलियों में वे राहुल गांधी के साथ मंच पर खड़े होकर हाथ लहरा लहरा कर अपनी खुशी का इजहार करते थे। लेकिन इस बीच एक घटना हो गई। राहुल गांधी लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव में केरल के वायनाड से खड़े हो गए। कम्युनिस्टों ने संकेतों में उन्हें समझाया भी कि इधर मत आया करो। उधर हिंदी पट्टी से ही चुनाव लड़ा करो। लेकिन राहुल गांधी नहीं माने। वे जानते हैं कि हिंदी पट्टी बहुत तप रही है। वहां चुनाव लडऩा अब खतरे से खाली नहीं रहा। 2019 की चोट राहुल गांधी भूले नहीं हैं। इसलिए वे फिर वायनाड में दिखाई देने लगे। स्वाभाविक है कम्युनिस्टों को गुस्सा आता और यह गुस्सा आ भी रहा है। जब दो



गहरे मित्र लड़ते हैं तो कई बार मामला बहुत बढ़ जाता है और अजीब अजीब रहस्योद्घाटन होने लगते हैं। राहुल गांधी और कम्युनिस्टों के मामले में भी ऐसा ही हो रहा है। राहुल गांधी ने पिनराई विजयन को भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार करने की मांग शुरू कर दी है। जाहिर है इससे लैफ्ट डैमोक्रेटिक फ्रंट को भी गुस्सा आता। केरल में सीपीएम ने कुछ दलों को साथ लेकर एलडीएफ यानी लैफ्ट डैमोक्रेटिक फ्रंट बना रखा है। मोर्चा ने भी राहुल गांधी को लेकर कुछ मांगें करनी शुरू कर दीं। लेकिन ताज्जुब है कि मोर्चा ऐसी मांगें कर रहा है, जो अपने स्वरूप में राजनीतिक न होकर मौलिक प्रकार की हैं। मोर्चा के एक विधायक पीवी अनवर ने मांग की है कि राहुल गांधी के डीएनए की तुरंत जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल इस देश में चौथे दर्जे के नागरिक हैं और उन्हें अपने नाम से तुरंत गांधी नाम हटा देना चाहिए। अनवर की इस मांग के कारण दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। राहुल गांधी कहते हैं कि पिनराई विजयन को भ्रष्टाचार के चलते गिरफ्तार करो और मोर्चा कहता है कि राहुल गांधी का डीएनए टैस्ट कराओ। मामला गम्भीर होता देख पत्रकारों के मन में आया कि इस विषय पर मुख्यमंत्री पिनराई विजयन से भी बात कर लेनी चाहिए। लेकिन विजयन तो उससे पहले ही सक्रिय हो गए थे। उन्होंने एक चुनावी सभा में राहुल पर एक बहुत ही गहरा प्रहार किया। इस प्रहार की मारक क्षमता को मध्य काल के हिंदी कवि बिहारी के एक दोहे की सहायता से समझा जा सकता है। बिहारी के दोहों के बारे में कहा जाता है, 'देखन में छोटे लगें, घाव करें गम्भीर।' विजयन का जनसभा में किया गया प्रहार ऊपर से देखने से तो मामूली लगता है, लेकिन घाव बहुत गहरा कर गया है। पूरा सोनिया परिवार मरहम पट्टी करने में व्यस्त है। पिनराई विजयन ने कहा, 'राहुल जी, अतीत में आपको एक नाम से संबोधित किया गया था। अब ऐसी बातें मत करो जिससे लगे कि आप अभी तक वहीं के वहीं खड़े हो।' उस समय तो जनसभा में बैठे बहुत से श्रोता भी नहीं समझ सके कि कामरेड विजयन क्या कह रहे हैं, लेकिन दो-तीन घंटों में ही केरल के चैनलों ने अर्थ समझाना शुरू कर दिया। दरअसल 2011 में केरल के ही उस समय के मुख्यमंत्री कामरेड अच्युतानंदन ने राहुल के बारे में पूछे जाने पर कहा था कि वह तो 'अमूल बेबी' है। उस समय से केरल में राहुल गांधी को अमूल बेबी कहा जाने लगा था। बाद में उत्तर भारत में राहुल गांधी को पप्पू कहा जाने लगा। सोनिया परिवार के लिए राहुल गांधी के इस तरह के नामों से छुटकारा पाना भी एक राजनीतिक समस्या ही बन गई। कुछ महीने पहले जब राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली तो प्रियंका गांधी से पत्रकारों ने पूछा था कि इस यात्रा की उपलब्धियां क्या हैं, तो तब प्रियंका ने एक उपलब्धि यह भी बताई थी कि इस यात्रा से लोगों को पता चल गया है कि राहुल अब पप्पू नहीं रहा, उससे बहुत आगे निकल चुका है। लेकिन अब 2024 में विजयन निराश हैं कि राहुल बौद्धिक स्तर पर अभी भी 2011 में ही रुके हुए हैं, यानी 'अमूल बेबी'। इस सबके बावजूद कांग्रेस और सीपीएम देश भर में सांझी चुनाव रैलियां भी कर रहे हैं। इन रैलियों में राहुल भी होते हैं और सीपीएम के दिग्गज भी। पर धुकधुकी दोनों को लगी रहती है। कामरेड डरे रहते हैं कि कहीं राहुल मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की गिरफ्तारी की मांग न कर दें, और कांग्रेस वाले डरे रहते हैं कि कहीं कामरेड राहुल गांधी के डीएनए की जांच की मांग न कर दें। यही हालत पंजाब में है। चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी के भगवंत मान कहते हैं कि कांग्रेस से अच्छी कोई पार्टी नहीं है। इसके प्रत्याशी को जिताओ। लेकिन दस कदम चलने पर पंजाब आ जाता है। वहां कार से उतर कर वही भगवंत मान चिल्लाते हैं, कांग्रेस से बचो। यह सबसे बड़ी भ्रष्टाचार है। स्थिति दिन-प्रतिदिन हास्यास्पद होती जा रही है। लेकिन दोनों बराबर डटे हुए हैं कि भाजपा को हराना है। दरअसल आज भारतीय राजनीति का सबसे बड़ा संकट विश्वसनीयता को लेकर है। राजनीतिक दल येन केन प्रकारेण सत्ता हथियाना चाहते हैं। विचारधारा की उनकी दृष्टि में कोई अहमियत नहीं रह गई है। अभी तक सीपीएम के बारे में यह माना जाता था कि वह विचारधारा पर आधारित पार्टी है।

दृष्टि कोण

# जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे

**शांति** के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाअें से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है। स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में स्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शाांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार



एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है। पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है "विश्वमानव" का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था। एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र ही रह जाता है।

कुछ अलग

# विश्व शतरंज में नई भारतीय चुनौती

**तेजी** से उभरते इस भारतीय युवा शतरंज खिलाड़ी से हर भारतीय शतरंज प्रेमी को, भारतीय शतरंज के उज्ज्वल भविष्य के प्रति बहुत उम्मीदें हैं। गुकेश ने वर्ष 2015 में एशियन स्कूल शतरंज चैंपियनशिप और अंडर-12 आयु वर्ग में वर्ष 2018 में विश्व युवा शतरंज चैम्पियनशिप का अंडर-9 वर्ग जीता। अंडर-12 व्यक्तिगत रैपिड और ब्लीट्ज, अंडर-12 टीम रैपिड ओर ब्लीट्ज तथा अंडर-12 क्लासिकल शतरंज के प्रारूप में, वर्ष 2018 एशियाई यूथ शतरंज चैंपियनशिप में पांच स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रौशन किया। एशियाई व चेस ओलिंपियाड खेलों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 12 साल 7 महीने और 17 दिन की उम्र में ग्रैंड मास्टर बनने वाले भारत के पहले व विश्व के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। फीडे स्वर्ण जयंती वर्ष 2024 में प्रायोजित फीडे कैंडिडेट प्रतियोगिता 3 अप्रैल से 23 अप्रैल तक टोरोंटो में आयोजित हुई। 14 दौर की बाजियां डबल राउंड रोबिन के आधार पर खेली गईं। पूरे विश्व की नजरें कैंडिडेट्स के विजेता पर लगातार बनी रही। पहली बार कैंडिडेट्स ओपन वर्ग के इतिहास में तीन भारतीय युवा शतरंज सितारों ने दस्तक दी और महिला वर्ग में दो भारतीय महिला प्रतिभागियों ने शिरकत की। बेशक कैंडिडेट प्रतियोगिता के शुरुआती चरण में भारतीय युवाओं को नवोदित खिलाडि़यों के रूप में देखा जा रहा था, मगर जैसे जैसे यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता आगे बढ़ती गई, सभी भारतीय खिलाड़ी अपनी छाप विश्व शतरंज पटल पर छोड़ते गए। अभी तक मात्र विश्वनाथन आनंद ही कैंडिडेट्स तक पहुंच कर, कई बार विभिन्न शतरंज खेल प्रारूपों में विश्व चैंपियन बने। मगर फीडे के आधिकारिक सौवें साल में एक नया भारतीय सितारा विश्व शतरंज प्रेमियों को देखने को मिला। भारत के लिए ये लम्हे गर्वित करने वाले हैं कि 17 वर्षीय दोम्माराजू गुकेश विश्व शतरंज कैंडिडेट के इतिहास में सबसे युवा विजेता खिलाड़ी बने। डी. गुकेश दूसरे भारतीय व विश्व के प्रथम युवा खिलाड़ी बने कैंडिडेट्स प्रतियोगिता को जीतकर। विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर भी बने। डी. गुकेश ने 40 वर्ष पुराने इतिहास को बदल कर एक नया इतिहास रच दिया। प्रतियोगिता के दौरान डी. गुकेश ने अपनी 14 दौर की बाजियों में पहली बाजी भारतीय खिलाड़ी विदित गुजराती से ड्रॉ खेली। दूसरी बाजी भारत के एक और युवा सनसनी रमेश बाबू प्रज्ञानंदा से जीती। तीसरे दौर की बाजी में पूर्व दो बार के कैंडिडेट्स विजेता इयान नेपोमिनियाची को बराबरी पर रोका। चौथी बाजी अमरीका के फाबियानो कारूआना के साथ बराबरी पर रोकी। पांचवें दौर में गुकेश ने निजत अबासोव को हराकर विजय प्राप्त की। छठे दौर में अमरीका के हिकारू नाकामुरा को बराबरी पर रोकते हुए ड्रॉ खेला। मात्र एक हार गुकेश को प्रतियोगिता के सातवें दौर की बाजी में अलीरेजा फिरोजा से मिली। इसके बाद इस युवा खिलाड़ी ने आठवें दौर की बाजी में विदित गुजराती को हरा दिया। नवें दौर की बाजी भारतीय सनसनी रमेश बाबू प्रज्ञानंदा से ड्रॉ की। दसवें दौर की बाजी भी इयान नेपोमिनियाची से ड्रॉ खेली। ग्यारहवें दौर की बाजी फाबियानो कारूआना से ड्रॉ की। बारहवें दौर में पुनः निजत अबासोव को हराकर विजय प्राप्त की और 13वें दौर की बाजी में अपनी हार का बदला लेते हुए अलीरेजा फिरोजा को हराकर शीर्ष बढ़त कायम कर ली। अंतिम व चौदहवें दौर में हिकारू नाकामुरा को बराबरी पर रोकते हुए नौ अंक अर्जित करके प्रतियोगिता के निर्विवाद विजेता बने।

देश दुनीया से

# सड़कों पर कैसे थमे अराजकता

> राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है। बात यहीं खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटरसाइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं। यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा।

**यकीन** मानिए कि किसी देश और वहां के लोगों को जानने के लिए आपको कोई बहुत घुमक्कड़ी करने की जरूरत नहीं है। आप जिस देश के समाज को जानना चाहते हैं, उसके एयरपोर्ट से उतरने के बाद वहां की सड़कों में चल रहे यातायात को देख भर लें। आपको सब कुछ पता चल जाएगा कि वहां का समाज कितना अनुशासन प्रिय है या अराजकता में कितना यकीन करता है। राजधानी दिल्ली की सड़कों से गुजरते हुए यहां पहली बार आने वाले शख्स को इतना तो पता ही चल जाता होगा कि इधर की सड़कों पर यातायात नियमों को मानना भी लोग अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। बेशक, राजधानी दिल्ली की सड़कों का नजारा देखकर डर लगता है। दो पहिया चलाने वाले न जाने कितने ड्राइवर दिखाई देते हैं, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना होता है। बात यहीं खत्म नहीं होती। वे बेखौफ ड्राइवर भी भरपूर मात्रा में मिल जाते हैं जो अपनी मोटरसाइकिल या स्कूटी चलाते हुए लगातार मोबाइल पर बात भी कर रहे होते हैं या म्यूजिक सुन रहे होते हैं । यह बहुत साफ है कि ड्राइविंग करते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने से दुर्घटना का खतरा भयंकर रूप से बढ़ जाता है। जिस इंसान को अपनी जान की ही चिंता नहीं होगी, वह यातायात के नियमों को क्यों मानेगा। दिल्ली पुलिस की साल 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, राजधानी में सड़क दुर्घटनाओं में पैदल चलने वालों के बाद दोपहिया वाहन चालक दूसरे सबसे अधिक पीड़ित हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि 2022 में 539 दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई, जो 2021 में 459 थी। ज्यादातर मामलों में, यह दोपहिया वाहन भारी वाहनों की चपेट में आए, उसके बाद चार पहिया वाहन आए। दिल्ली में पंजीकृत दोपहिया वाहनों की भारी संख्या को देखते हुए, इन सवारों की भलाई के लिए एक सुरक्षित डिजाइन प्रणाली सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। दोपहिया वाहन चालकों की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है हेलमेट का उपयोग न करना। हालांकि हेलमेट पहनना दिल्ली में वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए भी अनिवार्य है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के अनुसार, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने के मामले हर साल बढ़ ही रहे हैं। इस साल 15 अप्रैल तक, पुलिस ने बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने या बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने पर 20,822 चालकों पर जुर्माना किया है। 2023 में, हेलमेट नहीं पहनने पर 572,866 लोगों पर जुर्माना किया गया, जो पिछले वर्ष 212,440 की तुलना में 250 फीसद अधिक है। याद रख लें कि हेलमेट पहनने का तरीका भी महत्वपूर्ण। अध्ययनों से पता चला है कि दिल्ली में हेलमेट पहनने वालों में से बहुत कम लोग इसे ठीक से बांधते हैं, जिससे दुर्घटना की स्थिति में सिर की गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहने की जरूरत नहीं है कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत है। वे ऐसे लापरवाह लोग हैं जो अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान से भी खिलवाड़ करते हैं I उन पुलिस वालों पर भी कठोर एक्शन लेना ही होगा जो यातायात नियमों को तोड़ने वालों से घूस लेते हैं और छोड़ देते हैं । अब कोई



यह न कहे कि पुलिस महकमे में घूसखोर नहीं बैठे हैं। वहां घूसखोरों की कोई कमी नहीं है। क्या यह देश भूल गया है कि सड़क हादसों में ही केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट, दिल्ली के मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा, केन्द्रीय मंत्री गोपीनाथ मुंडे और मशहूर एक्टर जसपाल भट्टी को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था? इन हादसों में कितने लोग जीवन भर के लिए विकलांग हो जाते हैं, इसका तो कहीं से कभी कोई आंकड़ा मिल ही नहीं सकता। बहरहाल, लोगों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जाने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और सीट बेल्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी जरूरी है। लोगों को मानक हेलमेट और सीट बेल्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सड़कों की खराब स्थिति, अपर्याप्त साइनेज और पैदल चलने वालों के लिए सुविधाओं की भारी कमी जैसे मुद्दों को दूर करने की आवश्यकता है। देखिए दिल्ली का तो यहां उदाहरण दे दिया गया। यातायात नियमों की तो सारे देश में अनदेखी हो रही है। यह अफसोसजनक स्थिति है। एक बात और कहने का मन कर रहा है।

आप का नजरीया

# विरासत कर पर बवंडर

**कांग्रेस** में छोटे-छोटे टाइम बम होते है। वे जब भी फटते हैं, तो कांग्रेस का बड़ा नुकसान होता है। अमरीका में बसे सत्य नारायण गंगा राम पित्रोदा (सैम पित्रोदा) ऐसे ही बम हैं। वह कई संवेदनशील और राष्ट्रीय घटनाओं पर अनाप-शनाप बोलते रहे हैं। वह 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष हैं। जब भी केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व की सरकार बनी है, उसमें उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। मनमोहन सरकार में ही वह 'राष्ट्रीय ज्ञान आयोग' के अध्यक्ष थे। वह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सलाहकार थे और भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के विस्तार में उनका योगदान अहम रहा है। वह पार्टी का चुनाव घोषणा-पत्र लिखने वालों में एक रहे हैं। आजकल सैम पित्रोदा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सलाहकार और रणनीतिकार हैं। यदि ऐसा शख्स, भारत के संदर्भ में, कोई बयान या परामर्श देता है, तो वह उसका 'निजी' कैसे हो सकता है? कांग्रेस अपना पल्ला कैसे झाड़ सकती है? सैम ने अमरीका के 6 राज्यों में लागू 'इंहेरिटेंस टैक्स' (विरासत कर) का उल्लेख किया है कि अमरीकी व्यक्ति की मौत के बाद उसकी संपत्ति का 45 फीसदी हिस्सा बच्चों, परिजनों को मिलता है। शेष 55 फीसदी सरकार ले लेती है। यह कानून एक निश्चित आय के वर्ग पर ही लागू होता है। अमरीका के अलावा जर्मनी, स्पेन, फ्रांस, जापान और दक्षिण कोरिया आदि देशों में भी विरासत-कर की व्यवस्था है। वे देश जनता और समाज के प्रति व्यक्ति का दायित्व मानते हैं, लिहाजा उसकी संपत्ति में सामाजिक-सार्वजनिक हिस्सेदारी भी मानी जाती है। भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है, लिहाजा सैम पित्रोदा का सुझाव था कि भारत में भी इस विषय पर बहस और चर्चा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा-एनडीए ने तुरंत इस मुद्दे को भी लपक लिया। प्रधानमंत्री ने यहां तक टिप्पणी की कि कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। निजी संपत्तियों को छीन कर उन्हें एक समुदाय विशेष में बांटने का मुद्दा बेहद उग्र हो रहा था, 'विरासत-कर' पर भी बवंडर छिड़ गया है। अब चुनाव की दिशा और लहर ही बदल गई हैं। भारत में 1953 से 1985 तक एक कानून लागू था-'एस्टेट ड्यूटी एक्ट।' उसके तहत 20 लाख रुपए या अधिक की संपत्ति पर 85 फीसदी तक टैक्स देना पड़ता था। वह विरासत-कर का ही एक रूप था। 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इस कर को निरस्त किया, लेकिन कांग्रेस और भाजपा के वित्त मंत्री इस कर की पैरवी करते रहे। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेतली ने 2018 में कहा था कि विरासत-कर से विदेशों में अस्पतालों, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों को वित्तीय अनुदान मिलते रहे हैं, लिहाजा इस कर पर विमर्श किया जाना चाहिए। मौजूदा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बजट के दौरान 'इंहेरिटेंस टैक्स' का उल्लेख किया था। फिलहाल भारत में इस कर-व्यवस्था के प्रावधान नहीं हैं। किसी पार्टी के चुनाव घोषणा-पत्र में भी यह एजेंडा घोषित नहीं किया गया है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के मंसूबों पर सवाल करते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार आई, तो 'विरासत-कर' लगाएगी। आपके मकान-दुकान, खेत, जमीन और धन, सब कुछ छीन लिया जाएगा। आपके बच्चों और परिजनों का 'पैतृक संपत्ति' में हिस्सा आंशिक रह जाएगा।

# ईवीएम पर सवाल उठाने वाले वही लोग हैं जो कभी बैलेट लूटा करते थे : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ ( हिंस )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईवीएम पर सवाल उठाने पर कांग्रेस ओर इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि ये वही लोग हैं जो बैलेट लूटने का काम करते थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने गोमांस मुद्दे पर भी कांग्रेस और इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया। मुख्यमंत्री योगी ने पूछा कि वो अपने घोषणापत्र में लिख रहे हैं अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान-पान का अधिकारी दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान-पान है जो शेष समुदाय से अलग है। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने ईवीएम मुद्दे पर कहा है कि इंडी गठबंधन जब भी हार रहा होता है, तो अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर डालने का प्रयास करता है। 2014 से लगातार हम सब इस बात को सुन रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से पूछा कि गत वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में क्या बैलेट पेपर से सरकार बनी थी, 2004 में यूपीए की सरकार और 2018 में राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की तथा दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार क्या बैलेट पेपर से बनी थी? मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग ईवीएम को नकार रहे हैं ये वही हैं जो बैलेट बॉक्स लूटने का काम करते थे। अगर आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की सुचिता को सुनिश्चित किया है तो ये लोग अपना गुस्सा ईवीएम पर फोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दो चरणों के चुनाव के रुझान ने स्पष्ट कर दिया है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है। देश ने तय कर लिया है कि अबकी बार 400 पार का जनादेश एनडीए को देने जा रही है। जब एनडीए भाजपा के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है तो खीझ मिटाने के लिए इंडी गठबंधन के लोग ईवीएम को निशाना बना रहे हैं। ये लोग अपनी हार को पुख्ता कर रहे हैं और दोषारोपण के लिए ईवीएम सबसे सस्ता औजार है। गोमांस के मुद्दे के परिदृष्य में आने के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण के मतदान से पहले हमने विकास, सुरक्षा और गरीब कल्याण के मुद्दे को जनता के सामने रखा। इसी बीच कांग्रेस का घोषणा पत्र सामने आया। उन्होंने कहा कि इनका घोषणा पत्र देखकर यही कहा जा सकता है कि ये भले ही कांग्रेस का न्याय पत्र हो सकता है, मगर देश की एकता अखंडता और संप्रभुता के लिए अन्याय पत्र है। इस घोषणापत्र में ही उन्होंने इस बात का उल्लेख किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय की रुचि के अनुसार खान-पान की स्वतंत्रता दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने सवाल किया कि क्या अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का खानपान शेष समुदाय से अलग है। ऐसा क्या है जो बहुसंख्यक समाज खाना पसंद नहीं करता। इस देश का हिंदू गोमांस से पूरी तरह से परहेज करता है। गाय उसके लिए मां के समान है। कांग्रेस मुसलमानों को इसकी छूट देने का कुत्सित प्रयास कर रही है। यह कोई भी स्वीकार नहीं करेगा। योगी ने इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगियों से भी सवाल किया है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से क्या इनके गठबंधन के लोग सहमत हैं? उनका मौन बताता है कि वे साथ हैं और अगर साथ नहीं हैं तो सहयोगी दिलों को सफाई देनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को उनके व्यक्तिगत कानून का अधिकार देने की बात करती है। तो क्या तीन तलाक की कुप्रथा, जिसे मोदी जी की सरकार ने समाप्त किया है उसे दोबारा लागू किया जाएगा? क्या कांग्रेस शरिया कानून लागू करके देश का तालीबानीकरण करना चाहती है? सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र देश के साथ धोखा है। देश की जनता को अगले पांच चरणों के चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखते हुए अपना निर्णय करना चाहिए। ये हमारी आस्था के साथ धोखा है, कोई भी इसे स्वीकार नहीं करेगा।

## 25 मई को आपकी वोट, आपकी ताकत है, पहले करे मतदान फिर करें जलपान : डीएम

**गोपालगंज ( हिंस )।** भीषण गर्मी और लू की आशंका के बीच मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन का प्रयास लगातार जारी है। गांव में चौपाल लगाने से लेकर डीएम ने सेल्फी प्वाइंट के जरिए 75 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान के दिन घर से निकले के अपील के साथ साथ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया है, जबकि दूसरे चरण में मतदान कम होते इस वोटिंग प्रतिशत से अधिकारी समेत नेता भी परेशान हैं। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा तरह-तरह के उपाय भी किए जा रहे हैं। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर मतदान केंद्र स्तर तक व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां चलाने पर जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मो मकसूद आलम ने विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए चलो बूथ की ओर अभियान चलाएं जा रहे है। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ खासकर शहरी क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा आदर्श मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों की सुविधाएं ऐसी हों, जिससे अधिक से अधिक मतदाता वोट डालने के लिए प्रेरित हों। जहां कतार लगती हो, वहां पर छाया की उत्तम व्यवस्था की जाए। प्रत्येक मतदान केंद्र पर गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर पेयजल के अतिरिक्त इंतजाम भी किए जाएं। डीएम ने कहा कि देश का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमारे यहां चुनाव को लोकतंत्र का पर्व और लोकतंत्र का त्योहार कहा जाता है। भारतीय संविधान में सभी वयस्कों को मताधिकार देने की बात कही गई। हम सब का एक-एक वोट कीमती हैं। उन्होंने कहा कि 25 मई को अधिक से अधिक मतदाताओं में मतदान करने के लिए समाहरणालय परिसर में सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी कलेक्ट्रेट आने वाले हर मतदाता ले सकते है। इसके साथ ही उन्होंने सेल्फी लिया।

## अजमेर की एक मस्जिद में मौलाना की हत्या

**अजमेर ( हिंस )।** अजमेर की एक मस्जिद में शुक्रवार देर रात करीब दो बजे मौलाना की हत्या कर दी गई। तीन नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। घटना के समय मस्जिद में छह नाबालिग भी थे। बदमाशों ने इन बच्चों को धमाकाते हुए कहा था, चिल्लाए तो तुम्हें भी जान से मार देंगे। इसके बाद उन बच्चों को कमरे से बाहर निकाल दिया। रामगंज थाना प्रभारी रविंद्र खींची ने बताया कि शहर के रामगंज थाना के कंचन नगर स्थित मोहम्मदी मदीना मस्जिद में मौलाना मोहम्मद माहिर (30) रहते थे। इनके साथ कुछ बच्चे भी रह रहे थे। रात करीब तीन बजे जब बच्चे चिल्लाते हुए बाहर आए तो आस-पास के लोगों को वारदात की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना मिली। रामगंज थाना प्रभारी रविंद्र खींची ने बताया कि तीनों बदमाश मस्जिद के पीछे बने एक रास्ते से अंदर घुसे थे। इसके बाद मौलाना की हत्या की और उसी रास्ते से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि मौके पर तलाशी ली गई तो उनका मोबाइल भी नहीं मिला। आशंका है कि बच्चे किसी को फोन न कर दें, इसके लिए वे मोबाइल भी साथ ले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। मस्जिद के पीछे एक बाड़ा बना हुआ है, जहां से दो डंडे बरामद हुए हैं। इसके साथ ही आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। डॉग स्क्वॉयड की टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। मस्जिद में रहने वाले एक बच्चे कासिम ने बताया कि रात को वे सभी कमरे में सो रहे थे। मौलाना माहिर भी उनके साथ ही सो रहे थे। अचानक से लाठियां लेकर तीन बदमाश कमरे में घुसे। तीनों ने अपना चेहरा कपड़े से ढका हुआ था। वे सभी बच्चे जाग गए। बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देकर कमरे से बाहर निकाल दिया। इसके बाद डंडे से पीट-पीट कर मौलाना साहब की हत्या कर दी। इसके बाद पीछे के रास्ते से फरार हो गए। कासिम ने बताया कि कमरे में गए तो मौलाना साहब बेसुध थे।

## करंट की चपेट में आनें से तीन लोगों की मौत

**बिहारशरीफ ( हिंस )।** नालंदा जिले के कतरी सराय थाना क्षेत्र के तारा बीघा गांव में बिजली करंट लगने से शनिवार को तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि उक्त गांव के एक मछली पालक द्वारा अपने मछली के तालाब को सुरक्षित रखने की मंशा से एक लोहे के छड़ से विद्युत प्रवाहित तार को फंसा कर गाढ़ दिया गया था। शनिवार की सुबह पास के गिरियक थाना क्षेत्र के लाख चौक गांव निवासी पिंटू राम के 14 वर्षीय पुत्र गुलशन उक्त स्थान पर शौच के लिए गया था, जहां शौच के दौरान उक्त तालाब का पानी छूने के क्रम में वह करंट के चपेट में आ गए। करंट के चपेट में आते ही उनकी मौत मौके पर हो गई। घटना की जानकारी के बाद मृतक के दो मामा पंकज कुमार एवं मिथुन भांजे को बचाने को लेकर तालाब में कूद गए। जिससे दोनों की मौत करंट के चपेट में आने से हो गई। घटना के कुछ देर बाद ही मृतक गुलशन की भाभी की तबियत खराब हो चुकी है। बताया जाता है कि नवादा जिले के तीरभोजना गांव निवासी प्रमोद महतो तारा विगहा में खिचड़ी पड़ोस की दुकान चलाते हैं। दुकान के समीप ही उनके द्वारा मछली पालन का कारोबार किया जाता है। तालाब में मछली सुरक्षित रहे इसके लिए उन्होंने अपने पानी भरे तालाब में लोहे की छड़ में विद्युत प्रवाहित तार को बांधकर तालाब में गाढ़ दिया गया था। घटना के बाद आरोपी प्रमोद महतो फरार बताया जा रहा है।

## चुनाव देश में दो विचारधाराओं के बीच : सुबोध मेहता

**अररिया ( हिंस )।** राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध कुमार मेहता ने 2024 के लोकसभा चुनाव को दो विचारधाराओं के बीच होने को करार दिया। राजद कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि एक विचारधारा वह है जो सिर्फ 10 प्रतिशत कॉरपोरेट घरानों का प्रतिनिधित्व करती है। दूसरी तरफ 90 फीसदी बहुजन आबादी वाली विचारधारा है, जो किसानों बेरोजगारों गरीबों छोटे व्यवसायियों के भविष्य की चिंता करती है। मेहता ने कहा कि अररिया से राजद उम्मीदवार शाहनवाज आलम उच्च शिक्षित युवा हैं। काफी संघर्षशील हैं। बिहार सरकार के आपदा मंत्री रहते हुए उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। लगातार जनता से उनका जुड़ाव रहा है और बांका के प्रभारी मंत्री रहते हुए जिले के कल्याण के लिए उन्होंने कई कार्य करवाए। निश्चित रूप से चुनाव जीतेंगे तो अररिया की जोरदार उपस्थिति सदन में रहेगी। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन की सरकार बनेगी तो अररिया में भी उद्योग लगेंगे। उन्होंने कहा कि 17 महीने के हमारे बिहार सरकार ने साढ़े 5 लाख




युवाओं को रोजगार देने का काम किया। पर्यटन, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया। कम समय में ऐतिहासिक रूप से जन सरोकारों से जुड़े मुद्दे निपटाए गए, राजद गठबंधन सरकार ने अपने बूते पर जाति जनगणना करवाई और उसके अनुरूप आरक्षण का दायरा बढ़ाया, ठीक इसी तरह देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते हैं राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना कराया जाएगा। किसानों के लिए स्वामीनाथन समिति की सभी सिफारिशें लागू की जाएगी उन्हें उनके फसलों पर एमएसपी दी जाएगी, क्योंकि हमारे सरकार के एजेंडा में ही पढ़ाई कमाई दवाई सिंचाई कार्रवाई और सुनवाई है इस अवसर पर जिला प्रधान महासचिव मनोज कुमार विश्वास, जिला प्रवक्ता जगदीश या गुड्डू, रामनारायण विश्वास, महिला राजद जिला अध्यक्ष लवली नवाब, जिला महासचिव कमाले हक, युवा राजद के जिला मीडिया प्रभारी मोहतसिम अख्तर, युवा राजद प्रवक्ता शिवनारायण यादव, शेखर झा एवं अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा से निष्कासित पूर्व अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष गनी गिरफ्तार

**बीकानेर ( हिंस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर बयान देने वाले भारतीय जनता पार्टी के बीकानेर शहर अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष पद से निष्कासित उस्मान गनी को शनिवार को पुलिस ने शांतिभंग में गिरफ्तार कर लिया। मुक्ताप्रसाद पुलिस थानाधिकारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि उस्मान गनी किसी मामले की शिकायत को लेकर शनिवार सुबह थाने आया था। इस दौरान वह पुलिसकर्मियों से उलझ गया। समझाने पर भी नहीं मानने पर झगड़ा करने लगा। इस पर पुलिस ने शांति भंग में गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार गनी ने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा था कि भाजपा नरेंद्र मोदी की अकेले की पार्टी नहीं है।

## विधायक बाबूसिंह राठौड़ पर बीएसएफ जवान और बीएलओ को धमकाने के लिए इस्तगासा दर्ज

**जोधपुर ( हिंस )।** जोधपुर में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान चुनावी बूथ पर ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवान और बूथ के अंदर बैठे बीएलओ को धमकाने के आरोप में शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ के खिलाफ इस्तगासा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार नाथडाऊ में एक सरकारी विद्यालय पर चल रहे चुनाव प्रक्रिया के समय शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ वहां पहुंच गए। उन्हें फर्जी मतदान होने एवं महिलाओं से आधार कार्ड बदलने की बात को लेकर शिकायतें मिल रही थी। उन्होंने चुनावी बूथ पर ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवान को धमकाने के साथ बूथ के अंदर बैठे बीएलओ को धमकाया। जिसका वीडियो शनिवार को वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के साथ ग्रामीण पुलिस हरकत में आई और विधायक बाबूसिंह राठौड़ के खिलाफ इस्तगासा सीआरपीसी में 189 में दर्ज किया है। जिसकी जांच की जाएगी। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि विधायक राठौड़ बूथ स्थल के बाहर बीएसएफ के एक जवान को बंदूक नहीं दिखाने की बात को लेकर धमका रहे है साथ ही वे बूथ के अंदर एक बीएलओ से गहमागहमी करते नजर आ रहे है। घटनाक्रम का वीडियो आज वायरल होने पर पुलिस हरकत में आई और इस्तगासा सीआरपीसी की धारा 189 में दर्ज किया गया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्रसिंह यादव ने बताया कि मुकदमा नहीं हुआ है, 189 में इस्तगासा दर्ज हुआ है। जिसको जांच में रखा गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में राठौड़ का कहना था कि कल मतदान चल रहा था तब उनके बूथ संख्या दस पर एक जवान महिलाओं से आईडी कार्ड पूछ रहा था। महिलाओं ने घूंघट निकाला हुआ था महिलाओं ने कहा कि यह हमारा मूल आधार कार्ड है। इसको लेकर 50-60 महिलाओं को मताधिकार से वंचित कर दिया। कुछ और को भी मताधिकार से वंचित किया गया और इसकी शिकायत मिली थी। लोगों ने बाद में मतदान का बहिष्कार कर दिया और बाहर बैठ गए। राठौड़ ने कहा कि उन्हें भी वोट देने वहां जाना था। वहां सुबह सात से 11 बजे तक केवल दस फीसदी मतदान होने दिया। मैंने जब बात की तो वे बोले आप कौन होते है और मुझे से मतदान से वंचित करने लगे। तब जवान ने तैश में आकर बंदूक तानी और कहा कि गोली मार दूंगा।

## कांग्रेस और मुस्लिम लीग की सोच एक जैसी : केशव

**लखनऊ ( हिंस )।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि कांग्रेस और मुस्लिम लीग की सोच एक जैसी है। कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को ओबीसी का आरक्षण देकर उनके अधिकारों पर डाका डाला गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ओबीसी आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना ख़तरनाक शुरुआत है। इससे एक नया पाकिस्तान बनाने का ज़हर बोना है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम वोट बैंक के लिए कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के तहत कर्नाटक आरक्षण माडल देश भर में लागू करना चाहती है। कांग्रेस देश में जाति जनगणना कर एक्स-रे करने की बात कर रही है, लेकिन राहुल गांधी को यह ज्ञात नहीं है कि देश की जनता उनके षड्यंत्र की एमआरआई कर रही है। सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर उप मुख्यमंत्री ने पोस्ट किया कि देश के लोकतंत्र को 4 नासूरों ने ग्रसित किया है। परिवारवाद, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और जातिवाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल के अंदर इन चारों नासूरों को हटाकर स्वच्छ राजनीति को स्थापित किया। इसलिए जो देश के लिए काम करेगा, वही देश में राज करेगा।

## नेपाल में रह रहे भारत के मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**अररिया ( हिंस )।** नेपाल में बड़ी संख्या में सीमावर्ती क्षेत्र के लोग मजदूरी या अन्य रोजगार के काम करते हैं। ऐसे नेपाल में रह रहे अररिया, सुपौल सहित अन्य जिलों के श्रमिकों और लोगों को भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए भारत नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक मंच की ओर से जागरूक किया जा रहा है। नेपाल में बड़ी संख्या में कोशी और सीमांचल के लोग अपने और परिवार के जीविकोपार्जन के लिए रहते हैं। भारत-नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा और सलाहकार महेश साह स्वर्णकार के नेतृत्व मे नेपाल मे रह रहे अररिया और सुपौल जिले के नागरिक के बीच मतदान के लिए निमंत्रण पत्र दे कर लोगों को जागरूक कर रहे है। मंच के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि विराटनगर सहित मोरंग सुनसरी औद्योगिक कॉरिडोर मे काफी संख्या मे जिले के नागरिक कार्य करते है। काफी लोग पूरे परिवार के साथ ही रहते है, जिसकी संख्या हजारों मे है। कई बार कोशी प्रदेश से लगी नेपाल की सीमा अन्य जिले मे चुनाव के वक्त सील हो जाती है। जिस कारण सही जानकारी के अभाव में काफी संख्या में लोग मतदान से वंचित हो जाते है। जिसको लेकर इस लोकतंत्र के महापर्व मे नेपाल मे रह रहे कोशी सीमांचल के लोगों को आमंत्रण पत्र देकर मतदान के लिए मतदान से दो दिन पूर्व अपने गृह स्थल जाने का अनुरोध कर रहे हैं। इसके लिए पंप्लेट बनाया गया है जिसमे मन लुभावन स्लोगन लिखा गया है *भेज रहे है स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हे बुलाने को 7 मई 2024 भूल न जाना, वोट डालने आने को* जो लोगों को काफी उत्साहित कर रहा है। मंच के अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि सिर्फ कोशी प्रदेश के मोरंग जिले में अनुमानित हजारो की संख्या मे ऐसे लोग है जो रोजी रोटी के लिए नेपाल में रह रहे हैं।



## पहाड़पुर में हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** जिला पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे एक अपराधी को हथियार और गोली के साथ गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि पहाड़पुर थाना क्षेत्र के एकडेरवा पईन के समीप कुछ अपराधी हथियार के साथ इकट्ठा होकर किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के साथ ही एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर गठित टीम ने उक्त स्थल की घेराबंदी कर किए छापेमारी के दौरान एक अपराधी को हथियार समेत दबोच लिया गया। जबकि कुछ अन्य अपराधी भागने में सफल रहे। जिनके विरुद्ध छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधी हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मठलोहियार गांव निवासी भूमिलाल का बेटे रूपेश कुमार है। जिसका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। तलाशी के दौरान इसके पास से दो देसी कट्टा, एयरगन पिस्टल-01, 315 का खोखा 01, 315 बोर के जिंदा-03 गोली, मोबाइल- 02, एक मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। छापेमारी टीम में अरेराज डीएसपी रंजन कुमार, अरेराज सर्किल इंस्पेक्टर केके गुप्ता, पहाड़पुर थानाध्यक्ष अम्बेश कुमार व पहाड़पुर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## विकसित भारत के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं : मीनाक्षी लेखी

### मोदी सरकार में महिलाओं के लिए पूरे देश में है सुरक्षित माहौल

**कानपुर ( हिंस )।** आजादी के 70 वर्षों बाद भी महिलाओं को शौचालय तक नसीब नहीं था। महिलाओं को शौचालय जाने के लिए रात के अंधेरा होने का इंतजार करना पड़ता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने आज हर घर में नि:शुल्क इज्जत घर बनवाकर महिलाओं के सम्मान को बढ़ाया है। महिलाओं को शाम पांच बजे के बाद घर के बाहर निकलने में डर लगता था, परंतु देश में मोदी सरकार आने के बाद आज पूरे देश में महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल है। ऐसे में जरुरत है कि विकसित भारत के लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। यह बातें शनिवार को जनपद पहुंची केंद्रीय सांस्कृतिक एवं विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। महिला सम्मेलन के माध्यम से महिलाओं के बीच अपना जनाधार और अधिक मजबूत बनाने को लेकर शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा द्वारा साकेत




नगर स्थित एक होटल में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय सांस्कृतिक एवं विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि मोदी सरकार से पहले रेलवे लाइन और प्लेटफार्म शौचालय हुआ करते थे। मोदी सरकार आने के बाद देश में विकास की गंगा बही और आज भारत में निर्मित वंदे भारत ट्रेन में चलने पर प्लेन का एहसास होता है। महिलाएं आज सजावट की वस्तु नहीं है। देश को विकसित बनाने के लिए मोदी ने महिलाओं के सामर्थ्य और योग्यता पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में सवा सौ करोड़ देशवासियों को प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना, महिला सम्मान निधि, सौभाग्य योजना, नेशनल हाईवे, हर घर नल से जल सहित सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समान रूप से सभी जाति, वर्ग, समुदाय के लोगों को मिल रहा है। भाजपा सरकार आने के बाद देश और प्रदेश में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून व्यवस्था आदि की दिशा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 2014 से पहले लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण 90 फीसदी महिलाएं घर पर प्रसव कराने के लिए मजबूर थी। परंतु मोदी सरकार आने के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार कार्य हुआ जिसका परिणाम है कि आज 95 फीसदी महिलाओं का प्रसव अस्पताल में कराए जा रहे हैं। इस दौरान महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार, महिला मोर्चा दक्षिण जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, जयंती वर्मा, स्वप्निल वरुण, रीता शास्त्री, रंजना शुक्ला, विजया तिवारी, पूनम कपूर, सरोज सिंह, डॉ. प्रियम अवस्थी, पुष्पा तिवारी, सुषमा चौहान, विधायक महेश त्रिवेदी, लोकसभा प्रभारी राम शरण कटियार, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसा, तीन की मौत दो गंभीर घायल

**बांसवाड़ा ( हिंस )।** बांसवाड़ा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 56 पर शुक्रवार देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ। इसमें एक कार बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, वहीं दो अन्य घायल हो गए। मृतकों के शव बागीदौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मोर्चरी में रखवाए गए हैं। हादसे में घायल हुए मोईन पुत्र निजामुद्दीन और रतलाम निवासी आयुष पांडे को बांसवाड़ा जिला अस्पताल से उदयपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। हादसा बागीदौरा कलिंजरा रोड पर हुआ। सूचना पर कलिंजरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को बागीदौरा सीएचसी की मॉर्च्यूरी में शिफ्ट किया। मृतकों में बांसवाड़ा निवासी कुलदीप कंसारा, टांडी महुड़ी निवासी अजय मईडा और अब्दुल्ला पीर बांसवाड़ा निवासी शैयान पुत्र युसुफ की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तीनों मृतक और घायल युवक फाइनेंस कंपनी में काम करते थे। वह सभी कलिंजरा थाना क्षेत्र में किसी जगह कार्यक्रम में गए थे।

## बर्ड फ्लू के मद्देनजर रांची में मुर्गियां अंडे और बतख किए जा रहे नष्ट




**रांची ( हिंस )।** राजधानी रांची के होटवार में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में कुक्कुटों की कलिंग, वैज्ञानिक विधि से निस्तारण और संपूर्ण डिसइन्फेक्शन का कार्य लगातार जारी है। इस बाबत डॉ. गणेश महली ने बताया कि टीम लगातार इलाके में अपना काम कर रही है। अबतक 1800 मुर्गी, अंडा 1697 और 451 बतख डिस्ट्रॉय किया गया है। उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल को रांची के होटवार स्थित क्षेत्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र के कुक्कुटों के जांच किए गए नमूनों में एच फाइव एन वन की पुष्टि के बाद रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने एहतियात के तौर पर एक किलोमीटर की परिधि में किसी भी जिंदा, मृत कुक्कुटों, कुक्कुट उत्पाद और अंडा की खरीद-बिक्री एवं परिवहन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी।




# बीते वित्त वर्ष में भारतीय स्टार्टअप्स ने फाइल किए 83 हजार पेटेंट, नैसकॉम ने जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**
भारत में नवाचार या इनोवेशन की अद्भुत क्षमता है। अनुकूल माहौल मिलने से भारत की यह क्षमता अब स्पष्ट तौर पर नजर आ रही है। सरकार की उदार नीतियों के कारण स्टार्टअप्स ईकोसिस्टम फल फूल रहा है। इनमें गजब का आत्मविश्वास आया है। पिछले वित्त वर्ष में भारतीय स्टार्टअप्स ने 83 हजार पेटेंट फाइल किए हैं। पेटेंट फाइल करने में आटिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), इंटरनेट आफ थिंग्स (आइओटी) और न्यूरो टेक्नोलॉजी स्टार्टअप आगे रहे।

स्टार्टअप और एमएसएमई (सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यमों) के आइपी पंजीकरण के लिए सरकार ने सब्सिडी, सुविधा केंद्र, मजबूत अनुसंधान और विकास ईकोसिस्टम बनाने में भरपूर मदद की है। नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (नैसकाम) ने अपने वार्षिक भारत में पेटेंट रुझान अध्ययन का सातवां संस्करण जारी किया। इसमें बौद्धिक संपदा (आइपी) अधिकार के साथ डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का विशेष उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2023 में पेटेंट दाखिल करने में 24.6 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर पिछले दो दशकों के बाद सर्वाधिक है। भारत में महिलाओं द्वारा दायर पेटेंट की हिस्सेदारी एक साल पहले के 10.2 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2022 में 11.6 प्रतिशत हो गई है। वित्त वर्ष 2023 के दौरान कुल पेटेंट फाइलिंग में 9.3 प्रतिशत के साथ तमिलनाडु ने महाराष्ट्र (6.8 प्रतिशत का योगदान) को पीछे छोड़ शीर्ष स्थान हासिल किया है।

**2019 से 2023 के बीच पेटेंट की संख्या में दोगुनी से अधिक वृद्धि** - रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2019 और वित्त वर्ष 2023 के बीच दिए गए पेटेंट की संख्या में दो गुना से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। नैसकाम ने अनुमान लगाया कि मार्च 2023 और मार्च 2024 के बीच एक लाख से अधिक पेटेंट दिए जाने का अनुमान लगाया है। पिछले दशक में निवासियों (भारत में मौजूद फाइल करने वाले) द्वारा दायर पेटेंट का अनुपात लगभग दोगुना हो गया है। यह वित्तीय वर्ष 2019 में कुल फाइलिंग के 33.6 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 में 50 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### एक्स पर बॉट्स का उपयोग करने वाले रचनाकारों के लिए विज्ञापन साझाकरण रोक दिया जाएगा- मस्क



**नई दिल्ली।** एलोन मस्क ने धमकी दी कि कुछ रचनाकारों के लिए विज्ञापन राजस्व साझाकरण को स्पैम लाइक, उत्तर और प्रत्यक्ष संदेश (डीएम) के लिए बॉट्स के उपयोग की जांच लंबित रहने तक रोक दिया जाएगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि लोग अधिक विज्ञापन पैसा कमाने के लिए एक्स प्लेटफॉर्म पर स्पैमिंग कर रहे हैं, क्योंकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बॉट्स पर नकेल कसता है।एक पोस्ट में, टेक अरबपति ने कहा कि निर्माता भुगतान का उद्देश्य एक्स पर उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री को प्रोत्साहित करना है।कुछ मामलों में, हम इसके विपरीत देख रहे हैं, जहां लोग विज्ञापन से पैसा कमाने के लिए सिस्टम को स्पैम कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से ठीक नहीं है, एक्स मालिक ने टिप्पणी की।मस्क ने कहा कि ऐसे रचनाकारों के लिए विज्ञापन राजस्व साझाकरण रोक दिया जाएगा। एक अनुयायी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, लक्ष्य वैध, गुणवत्तापूर्ण, सटीक, जानकारीपूर्ण और मनोरंजक सामग्री को अधिकतम करना हो सकता है।एक्स नियमित आधार पर रचनाकारों को भुगतान करता है क्योंकि यह अपने प्लेटफ़ॉर्म पर स्पैम और पोर्न बॉट्स की वृद्धि से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है।मस्क के मुताबिक, बड़े बॉट ऑपरेशन चलाने वाले लोग कंटेंट की गुणवत्ता को काफी हद तक कम कर रहे हैं।नकली सगाई पर प्रतिबंध उन लोगों को संदर्भित करता है जो कृत्रिम रूप से अपनी सगाई को बढ़ाने के लिए बॉट्स का उपयोग करते हैं।

### अमेरिकी नियामक ने रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की संपत्ति जब्त की, इस बैंक को बेचने पर सहमति



**नई दिल्ली।** अमेरिकी नियामक एफडीआईसी ने रिपब्लिक फर्स्ट बैनकॉर्प की संपत्तियों को जब्त कर लिया है और इसे फुल्टन बैंक को बेचने पर सहमति व्यक्त की है। नियामक ने इसकी जानकारी दी। फिलाडेल्फिया स्थित रिपब्लिक फर्स्ट बैंक ने निवेशकों के एक समूह के साथ फंडिग की वार्ता बंद कर दी थी, जिसके बाद पेंसिल्वेनिया डिपार्टमेंट ऑफ बैंकिंग एंड सिक्योरिटीज द्वारा इसे जब्त कर लिया गया। रिसीवर के रूप में नियुक्त एफडीआईसी ने कहा कि फुल्टन फाइनेंशियल कॉर्प की एक इकाई फुल्टन बैंक, पर्याप्त रूप से बैंक की सभी डिपॉजिट का ग्रहण करेगी और जमाकर्ताओं की सुरक्षा के लिए रिपब्लिक बैंक की सभी संपत्तियों को खरीदेगी। रिपब्लिक बैंक के पास 31 जनवरी, 2024 तक कुल संपत्ति में लगभग 6 अरब डॉलर और कुल जमा राशि में 4 अरब डॉलर थे। एफडीआईसी के अनुसार न्यू जर्सी, पेंसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की 32 शाखाएं व्यावसायिक घंटों के दौरान फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में फिर से खुलेंगी।

### बैंक एजेंटों पर आरबीआई की नकेल, ग्राहकों को देनी होगी कर्ज ऑफर की पूरी जानकारी




**मुंबई।** आरबीआई ने बैंकों पर और नकेल कसी है। बैंकों के एजेंटों के रूप में काम करने वाले कर्ज सेवा प्रदाताओं यानी एलएसपी को उपलब्ध सभी लोन ऑफर्स की जानकारी कर्ज लेने वाले ग्राहकों को देनी चाहिए, ताकि वे सही फैसले ले सकें। कई एलएसपी कर्ज उत्पादों के लिए एकत्रीकरण सेवाएं प्रदान करते हैं। आरबीआई ने मसौदा पर 31 मई तक हितधारकों से राय मांगी है। इसमें कहा गया है कि ऐसे व्यक्तियों को उधार देना जो कर्जदाता के निर्णय को नियंत्रित करने या प्रभावित करने की स्थिति में हैं, चिंता का विषय हो सकता है, यदि ऋणदाता ऐसे उधारकर्ताओं से दूरी नहीं रखता है। इसमें कहा गया है कि इस तरह के उधार में नैतिक खतरे शामिल हो सकते हैं। इससे मूल्य निर्धारण और ऋण प्रबंधन में समझौता होने की आशंका है। ग्राहकों को मिलेगी डिजिटल जानकारी मसौदे में प्रस्ताव है कि एलएसपी जिन भी बैंक या वित्तीय संस्थान के साथ काम कर रहा है।

# मानसून के बाद खाद्य पदार्थों की कीमतों में आएगी नरमी, वित्त मंत्रालय ने रिपोर्ट में किया दावा



**नई दिल्ली।**
वित्त मंत्रालय ने हाल ही जारी अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में बताया है कि सरकार को मानसून के बाद खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है, क्यों कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस बार सामान्य से अधिक मानसून का अनुमान जताया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य से अधिक बारिश से फसलों का अधिक उत्पादन होगा। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा, खाद्य कीमतों में और नरमी आने वाली है क्योंकि आईएमडी ने मानसून के मौसम के दौरान सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है। इससे वर्षा जल का बेहतर वितरण और उच्च उत्पादन होने की संभावना है।

### मार्च महीने में खाद्य मुद्रास्फीति 8.5 प्रतिशत रही

भारत में खाद्य मुद्रास्फीति फरवरी के 8.7 प्रतिशत से घटकर मार्च में 8.5 प्रतिशत रह गई है। खाद्य मुद्रास्फीति का उच्च स्तर मुख्य रूप से सब्जियों और दालों की बढ़ी कीमतों के कारण है। सरकार ने कीमतों पर अंकुश लगाने के उपाय किए हैं। जमाखोरी रोकने के लिए स्टॉक सीमा तय करना, प्रमुख खाद्य पदार्थों के बफर को मजबूत करना और समय-समय पर उसे खुले बाजार को जारी करना शामिल है।

### ब्राजील और अर्जेंटीना से दालों की खरीद के लिए चल रही बातचीत

सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं के आयात को आसान बनाया है। इसके अलावे नामित खुदरा दुकानों के माध्यम से आपूर्ति को सुव्यवस्थित किया गया है। सरकारी सूत्रों ने एएनआई को बताया कि सरकार दालों के आयात के दीर्घकालिक अनुबंध के लिए ब्राजील और अर्जेंटीना जैसे नए बाजारों के साथ बातचीत कर रही है। ब्राजील से 20,000 टन उड़द का आयात किया जाएगा और अर्जेंटीना से अरहर आयात करने के लिए बातचीत लगभग अंतिम चरण में है। सरकार ने दालों के आयात के लिए मोजाम्बिक, तंजानिया और म्यांमार से भी अनुबंध किया है। सब्जियों के संबंध में, क्रिसिल की हालिया रिपोर्ट भी बताती है कि, सब्जियों की कीमतें जून के बाद कम हो जाएंगी। आईएमडी ने 2024 में सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी की है रिपोर्ट में कहा गया है, आईएमडी ने 2024 में सामान्य से अधिक दक्षिण-पश्चिम मानसून की भविष्यवाणी की है। यह सब्जियों की कीमतों के लिए अच्छा है, लेकिन मानसून का वितरण भी महत्वपूर्ण है।

आईएमडी को जून तक सामान्य से अधिक तापमान की उम्मीद है, जिससे अगले कुछ महीनों तक सब्जियों की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस वर्ष मार्च में सब्जियों की महंगाई दर फरवरी महीन के 30 प्रतिशत से घटकर 28.3 प्रतिशत रह गई है, पर यह पिछले साल के 8.4 प्रतिशत की अपस्फीति की तुलना में बहुत अधिक है। आरबीआई की एमपीसी ने खाने-पीने के चीजों की बढ़ती कीमतों पर जताई थी चिंता इससे पहले आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों पर चिंता जताई थी। हालांकि एमपीसी ने कहा रबी की रिकॉर्ड फसल अनाज की कीमतों को कम करने में मदद करेगी। एमपीसी ने कहा कि मौसम मौसम की अनिश्चतता से जुड़ी घटनाएं खाद्य पदार्थों की कीमतों के लिए झटका साबित होती हैं। इस पर भू-राजनीतिक तनाव और तेल की कीमतों का भी असर पड़ता है। एमपीसी के अनुसार हालांकि इस साल आईएमडी के सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी से शुरुआती चरण में खरीफ फसल की संभावनाएं भी बेहतर दिख रही हैं। उच्च खाद्य मुद्रास्फीति दुनिया की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक चुनौती बनी हुई है। उदाहरण के लिए, जर्मनी, इटली, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस और ब्रिटेन जैसे देश खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों का सामना कर रहे हैं।

# एआर-वीआर बाजार का नेतृत्व करने की चाह में मेटा को अरबों डॉलर का नुकसान



**नई दिल्ली।**
मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने गेमिंग पर बड़ा दांव लगाना जारी रखा है। इस कड़ी में उसे अपने ऑगमेंटेड रियलिटी/वर्चुअल (एआर-वीआर) रियलिटी डिविजन पर लगभग 4 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है।

मार्क जुकरबर्ग द्वारा संचालित कंपनी ने अपने नवीनतम तिमाही परिणामों में एआर/वीआर रियलिटी लैब्स डिवीजन में लगातार घाटा दिखाया है।

गेम्स इंडस्ट्री डॉट बिज के अनुसार, कंपनी को अपने एआर/वीआर ड्रीम पर जून 2022 से प्रति माह 1 अरब डॉलर से ज्यादा की दर से नुकसान हो रहा है।

कंपनी ने कहा, हमें उम्मीद है कि हमारे चल रहे प्रोडक्ट डेवलपमेंट और इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए हमारे निवेश के चलते ऑपरेटिंग घाटा साल-दर-साल सार्थक रूप से बढ़ेगा। मेटा सीएफओ सुसान ली ने पहली तिमाही की अर्निंग कॉल पर कहा कि साल-दर-साल ऑपरेटिंग घाटे में वृद्धि हो रही है। मेटा की रियलिटी लैब्स ने 440 मिलियन डॉलर का राजस्व दर्ज किया, लेकिन कुल मिलाकर 3.85 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। जुकरबर्ग ने कहा, यहां शुरुआती संकेत काफी पॉजिटिव हैं, लेकिन लीडिंग एआई का निर्माण भी हमारे ऐप्स में जोड़े गए अन्य अनुभवों की तुलना में एक बड़ा उपक्रम होगा और इसमें कई साल लगने की संभावना है। मेटा ने 2023 में एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) हेडसेट बाजार के 59 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया। खास तौर से, काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, मेटा ने रणनीतिक रूप से पूरे साल अपने मौजूदा क्वेस्ट 2 की कीमत कम कर दी, जिससे यह बजट के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया, खासकर छुट्टियों के मौसम के दौरान।

इस रणनीति ने मेटा को 2023 की चौथी तिमाही में क्वेस्ट 3 के लॉन्च होने तक अपनी बढ़त बनाए रखने में मदद की।

# मसाला विवाद पर अमेरिकी खाद्य नियामक भी सतर्क एमडीएच और एवरेस्ट से जुड़ी जानकारी जुटा रहा

**नई दिल्ली।**
**अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) भारतीय मसाला निर्माताओं एमडीएच और एवरेस्ट के उत्पादों से जुड़ी जानकारी इकट्ठा कर रहा है। यह कार्रवाई हांगकांग की ओर से कथित तौर पर कैंसर पैदा करने वाले कीटनाशक का उच्च स्तर पर मिलने पर कुछ उत्पादों की बिक्री रोकने के बाद की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स ये दावे किए गए हैं।**




मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एफडीए के एक प्रवक्ता ने बताया, एफडीए रिपोर्टों से अवगत है और स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र कर रहा है। हांगकांग ने इस महीने एमडीएच के तीन मसाले और एवरेस्ट की फिश करी की बिक्री को रोक दिया था। सिंगापुर ने भी एवरेस्ट मसालों को बाजार से वापस मंगाने का आदेश देते दिया था। उनकी ओर से कहा गया था कि इनमें एथिलीन ऑक्साइड का उच्च स्तर है, जो मानव उपयोग के लिए अयोग्य है और लंबे समय तक संपर्क में रहने पर इससे कैंसर हो सकता है।

इस मामले में एमडीएच और एवरेस्ट की ओर से रॉयटर्स के सवालों का फिलहाल जवाब नहीं दिया गया है। इससे पहले एवरेस्ट ने कहा था कि उसके मसाले खाने के लिए सुरक्षित हैं। एमडीएच ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। एमडीएच और एवरेस्टभारत में मसालों के लोकप्रिय ब्रांड हैं और यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में भी बेचे जाते हैं। हांगकांग और सिंगापुर प्रकरण के बाद भारतीय खाद्य नियामक भी उनके नमूनों की जांच कर रहा है।

# चौथी तिमाही में एनडीटीवी की राजस्व 59 प्रतिशत बढ़ा, डिजिटल ट्रैफिक में 39 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।**
एनडीटीवी समूह का राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 59 प्रतिशत बढ़ा है।मीडिया समूह के निदेशक मंडल की हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की गई। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसकी डिजिटल शाखा एनडीटीवी कन्वर्जेंस ने भी अपने प्लेटफॉर्म पर अप्रैल 2023 की तुलना में मार्च 2024 में वैश्विक डिजिटल ट्रैफिक में 39 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका राजस्व 106.5 करोड़ रुपये रहा, जबकि 2022-23 में 67 करोड़ रुपये था। गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान, एनडीटीवी ने एनडीटीवी एमपी-सीजी, एनडीटीवी राजस्थान और एनडीटीवी प्रॉफिट के लॉन्च के साथ उपभोक्ता क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया। इसके अतिरिक्त, एनडीटीवी मराठी आगामी 1 मई को लॉन्च हो रहा है। दो-चैनल सेटअप से लेकर छह-चैनल सेटअप तक के इस रणनीतिक विस्तार अभियान का मतलब अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश है। कंपनी ने बताया, बीकेसी, मुंबई में एक अत्याधुनिक प्रसारण सुविधा चालू है और चल रही है। एक और अत्याधुनिक एकीकृत सुविधा आने वाले महीनों में एनसीआर, दिल्ली में चालू हो जाएगी।



नौकरी छोड़ने वाले कर्मचारियों का अनुपात घटकर 58 प्रतिशत पर आ गया है। कंपनी ने अपने रोस्टर में हाई-प्रोफाइल एंकर और अन्य शीर्ष उद्योग प्रतिभाओं को भी जोड़ा है।

हालांकि ये निवेश भविष्य के विकास उद्देश्यों को मजबूत करते हैं, लेकिन इनका अल्पकालिक वित्तीय प्रदर्शन पर प्रभाव पड़ता है।

कंपनी ने कहा, एनडीटीवी नए उत्पादों को लॉन्च करने, दर्शकों की संख्या बढ़ाने और प्रौद्योगिकी में निवेश के माध्यम से दक्षता बढ़ाने के लिए अपने प्रीमियम ब्रांड मूल्य का लाभ उठाकर दीर्घकालिक शेयरधारक मूल्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के वीसी सी राजकुमार ने जापान की संसद को किया संबोधित

**टोक्यो।**
वर्ल्ड फेडरेशन की जापानी संसदीय समिति के निमंत्रण पर ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) सी. राज कुमार ने जापानी संसद (नेशनल डायट) के 20 से अधिक प्रतिष्ठित सदस्यों के एक समूह को संबोधित किया, जिसमें जापान सरकार के शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री मासाहितो मोरियामा भी शामिल थे। यह वास्तव में गौर करने लायक है कि प्रोफेसर राज कुमार पहले भारतीय कुलपति हैं जिन्हें जापानी संसद में जापान सरकार के प्रतिष्ठित सांसदों और सरकारी अधिकारियों को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया। वर्ल्ड फेडरेशन की जापानी संसदीय समिति ने प्रोफेसर कुमार को भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति, द्विपक्षीय संबंधों, विकास एजेंडा और वैश्विक शासन से संबंधित मुद्दों पर अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया। समिति में जापानी संसद की प्रतिनिधि सभा (निचले सदन) के कुछ सबसे प्रतिष्ठित सदस्य और अन्य सरकारी अधिकारी शामिल थे। ये अधिकारी थे - विश्व महासंघ की जापानी



संसदीय समिति के अध्यक्ष मित्सुओ ओहाशी; जापानी संसदीय समिति विश्व महासंघ के अवर महासचिव प्रोफेसर मासाकुनी तानिमोतो; जापान के विदेश राज्य मंत्री कियोशी ओदावारा; विदेश मंत्रालय में डिप्टी एसिस्टेंट मिनिस्टर मकोतो हयाशी; एशिया-प्रशांत के लिए फ्रेंड्स ऑफ यूनाइटेड नेशन्स के प्रतिनिधि ताकाहिरो कनामोरी; प्रतिनिधि सभा में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य हिरोबुमी निकी; जापान के शिक्षा, संस्कृति, खेल, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री मासाहितो मोरियामा; प्रतिनिधि सभा के सदस्य तथा सदन के पूर्व वाइस स्पीकर सेशिरो ईटो; हाउस ऑफ काउंसिलर्स (ऊपरी सदन) में द कॉन्स्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य मोटोको मिजुनो; प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के सदस्य सातोशी असानो; हाउस ऑफ काउंसिलर्स के सदस्य केंटा अओशिमा तथा अयाका शिओमुरा; डिप्टी एसिस्टेंट मिनिस्टर और एशियाई एवं ओशियान ब्यूरो तथा दक्षिणपूर्व एवं दक्षिण पश्चिम एशियाई मामलों के विभाग में आसियान राजदूत मकोतो हयाशी; और जपान एडवाइजरी कमिटि ऑन ग्लोबल गवर्नेंस के अध्यक्ष और तिमोर-लेस्ते में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के पूर्व विशेष प्रतिनिधि सुकेहिरो हसेगावा। कुमार ने भारत-जापान संबंधों पर भाषण देते हुए इसे सामूहिक प्रगति और समृद्धि की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा, भारत-जापान संबंध निस्संदेह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण है। कुमार ने भारत और जापान के बीच द्विपक्षीय संबंधों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक और रणनीतिक आयामों को समाहित करते हुए पांच प्रमुख बिंदुओं को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, भारत और जापान के बीच गहरे संबंध हैं, जो साझा सभ्यतागत मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत से उपजे हैं, जिनमें दोनों देशों में एक धर्म और दर्शन के रूप में बौद्ध धर्म का गहन प्रभाव शामिल है। उन्होंने प्रतिष्ठित सुदूर पूर्व के लिए अंतर्राष्ट्रीय सैन्य न्यायाधिकरण के पूर्व न्यायाधीश और भारतीय न्यायविद न्यायमूर्ति राधा बिनोद पाल के दृढ़ विश्वास और बौद्धिक अखंडता के उत्कृष्ट साहस को याद किया, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय विजेता का न्याय बनकर न रह जाए और टोक्यो ट्रायल्स में समानता, न्याय और निष्पक्षता में योगदान दिया। वह सुदूर पूर्व के लिए अंतर्राष्ट्रीय सैन्य न्यायाधिकरण में नियुक्त तीन एशियाई न्यायाधीशों में से एक थे जिन्हें द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान किए गए जापानी युद्ध अपराधों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी जिसे टोक्यो ट्रायल्स के नाम से जाना जाता है। न्यायाधिकरण के सभी न्यायाधीशों में वह एकमात्र ऐसे न्यायाधीश थे जिन्होंने अपने आदेश में इस बात पर जोर दिया कि सभी प्रतिवादी दोषी नहीं थे। कुमार ने लोगों के बीच स्थायी संबंधों पर जोर दिया जो विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग की नींव के रूप में काम करता है, जिसके लिए अधिक विस्तार और गहन जुड़ाव की भी आवश्यकता है। कुलपति ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापान के राजनीतिक विकास के लिए भारत के ऐतिहासिक समर्थन पर प्रकाश डाला। उन्होंने जापान की संप्रभुता और अखंडता को मान्यता देते हुए जापान के पुनरुत्थान और प्रगति को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका पर जोर दिया। जापान की संप्रभुता को मान्यता देने के लिए भारत का प्रारंभिक समर्थन स्पष्ट था और यह ऐसे समय में आया जब 1950 के दशक की शुरुआत में दुनिया के अधिकांश देश ऐसा करने के प्रति अनिच्छुक थे।



# गुकेश शुरू से ही सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बनना चाहते थे कोच विष्णु प्रसन्ना

**चेन्नई।**
जनवरी 2019 में, दुनिया के दूसरे सबसे युवा और भारत के सबसे कम उम्र के शतरंज ग्रैंडमास्टर (जीएम) डी. गुकेश ने 12 साल की उम्र में घोषणा की थी कि वह सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनना चाहेंगे और पांच साल बाद, वह अपनी महत्वाकांक्षा से एक कदम दूर है। टोरंटो में हाल ही में आयोजित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट को जीतकर, कई उच्च रेटिंग वाले खिलाड़ियों से आगे, गुकेश चीन के जीएम डिंग लिरेन के मौजूदा चैंपियन के विश्व खिताब के लिए चुनौती होंगे। जीएम विष्णु प्रसन्ना ने को बताया, ग्यारह साल के बच्चे के रूप में भी, गुकेश शतरंज कोचिंग कक्षाओं में भाग लेने के दौरान गंभीर रहता था। जबकि अन्य बच्चे शतरंज की समस्याओं का जवाब मांगते थे, गुकेश मुझसे कहते थे कि जब तक वह इसे हल नहीं कर लेते, तब तक इसका खुलासा न करें। प्रसन्ना ने कहा, कक्षा के बाद, गंभीर गुकेश चंचल हो जाएगा और अन्य बच्चों के साथ मजाक करना शुरू कर देगा। लेकिन कोचिंग सत्र के दौरान, गुकेश बहुत गंभीर और केंद्रित रहेगा। 34 वर्षीय प्रसन्ना ने 2017 में गुकेश को कोचिंग देना शुरू किया, जब उनकी ईएलओ रेटिंग लगभग 2,300 थी। शुरू से ही, गुकेश इस बात पर चर्चा करते थे कि विश्व चैंपियन कैसे बनें। प्रसन्ना ने कहा, हम विभिन्न चालों के माध्यम से विभिन्न बोर्ड स्थितियों पर चर्चा करते थे। उनके अनुसार, लगभग 11 वर्ष की उम्र में बच्चे शतरंज की चालों और रणनीति से भरे होंगे। प्रसन्ना ने कहा, लेकिन गुकेश अधिक स्थिति वाला खिलाड़ी था। यह एक फायदा था, वह एक स्थिति को समझने और उसके अनुसार रणनीति बनाने में सक्षम था। जब युवा गुकेश अपने कोच प्रसन्ना से जटिल स्थितियों के बारे में बात करते थे तो वे उनकी बातें ध्यान से सुनते थे। प्रसन्ना अपने युवा शिष्य की ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, काम में व्यस्त रहने की परिपक्वता से बहुत प्रभावित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रुणाल पांड्या के घर गूंजी किलकारी, पत्नी पंखुरी ने दिया दूसरे बच्चे को जन्म; सोशल मीडिया पर शेयर की खूबसूरत तस्वीर

**नई दिल्ली।** भारत के हरफनमौला खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या और उनकी पत्नी पंखुरी शर्मा ने अपने दूसरे बच्चे के जन्म की घोषणा की। दंपति ने नाम वायु रखा है। क्रुणाल ने सोशल मीडिया पर अपने दोनों बच्चों के साथ तस्वीर शेयर की है। क्रुणाल और पंखुरी ने जुलाई 2022 में अपने पहले बच्चे कविर का स्वागत किया था। क्रुणाल पांड्या ने अपने पोस्ट में बताया कि वायु का जन्म 21 अप्रैल, 2024 को हुआ है। दिनेश कार्तिक और शिखर धवन इस जोड़े को उनके बच्चे के जन्म पर बधाई दी है। लखनऊ ने भी दी बधाई संयोग से क्रुणाल पांड्या अपने दूसरे बच्चे के जन्म के 2 दिन बाद लखनऊ वापस आ गए थे, क्योंकि वह 23 अप्रैल को चेन्नई के एम चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई को हराने वाली प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे। क्रुणाल पांड्या के दूसरे बच्चे के जन्म पर लखनऊ फ्रेंचाइजी ने भी बधाई दी है। हार्दिक के साथ हैं मधुर रिश्ते क्रुणाल पांड्या ने 2017 में अपनी लंबे समय से प्रेमिका रहीं मॉडल पंखुरी शर्मा से शादी की। ऑलराउंडर ने अक्सर कहा है कि एक क्रिकेटर के रूप में उनकी यात्रा में पंखुरी का समर्थन उनके लिए हमेशा रहा है। क्रुणाल और उनके छोटे भाई हार्दिक अपने परिवारों के साथ सभी प्रमुख त्योहारों और अन्य विशेष अवसरों पर एक साथ दिखाई देते हैं।



### नीरज का मुकाबला जर्मनी के मैक्स से होगा

**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण विजेता भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा अब जून में फिनलैंड में होने वाले पावो नूरमी खेलों में भाग लेंगे। इसमें नीरज का मुकाबला 18 जून को जर्मनी के मैक्स डेह्निंग से रहेगा। इसका कारण है कि डेह्निंग ने हाल ही में 90 मीटर से अधिके भाला फेंका था। इसके अलावा इस प्रतियोगिता में जर्मनी के ही जूलियन वेबर से भी उन्हें चुनौती मिलेगी। चोपड़ा नूरमी खेलों से पहले 10 मई को दोहा डायमंड लीग मीट में भी उतरेंगे। उन्होंने इससे पहले पावो नूरमी खेलों के 2022 सत्र में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। यह उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा है। वहीं उन्होंने पिछले साल फिट नहीं होने के कारण इस स्पर्धा से अपना नाम वापस ले लिया था। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है। पावो नूरमी विश्व एथलेटिक्स की 'कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड सीरीज स्तर की प्रतियोगिता है। इसके साथ ही यह डायमंड लीग मीट सीरीज के बाहर सबसे प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिताओं में से एक है। चोपड़ा एक साल के ब्रेक के बाद पावो नूरमी खेलों में उतरने जा रहे हैं। यहां जहां उनका सामना बेहतरीन प्रतियोगियों के समूह से होगा। प्रतियोगिता 18 जून को तुर्कू में होगी। इन खेलों के आयोजकों ने कहा, 'हमारा लक्ष्य पेरिस ओलंपिक से पहले गर्मियों की सबसे कठिन भाला फेंक प्रतियोगिता को आयोजित करना है। इसके लिए दूसरे खिलाड़ियों के साथ बातचीत जारी है। इस साल फरवरी में डेह्निंग ने जर्मन विंटर थ्रोइंग चैंपियनशिप में 90.20 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर एक अहम उपलब्धि हासिल की थी।



### ऋषभ के शानदार प्रदर्शन से इस क्रिकेटर की वापसी हुई मुश्किल

**नई दिल्ली।** विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत ने आईपीएल में वापसी के बाद से ही शानदार प्रदर्शन किया है। ऋषभ ने जिस प्रकार से बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग की है उससे युवा ईशान किशान सहित अन्य विकेटकीपरों के लिए अब टीम में जगह बनाना बेहद मुश्किल रहेगा। ऋषभ ने आईपीएल के 9 मैचों में 48.86 के औसत से 342 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 161.32 के तूफानी स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए तीन अर्धशतक भी लगाये हैं। ऐसे में जून में होने वाले टी20 विश्व कप में वह विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर सबसे बड़े दावेदार बनकर उभरे हैं। वहीं ईशान का प्रदर्शन आईपीएल में भी अब तक कुछ खास नहीं रहा है। उन्होंने आईपीएल से पहले जिस प्रकार से घरेलू और टेस्ट क्रिकेट से दूरी बनायी उससे भी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नाराजगी जतायी थी। इसे में अब उनके लिए एक बार फिर भारतीय टीम में जगह बनाना कठिन होगा। टी20 विश्वकप में भी उन्हें शायद ही जगह मिले। इसका कारण है कि ईशान टीम इंडिया में बतौर विकेटकीपर खेलते हैं और वह विशेषज्ञ बल्लेबाज नहीं है। ऐसे में उनकी राह और भी कठिन हो गयी है क्योंकि इस समस विकेटकीपर के लिए संजू सैमसन, केएल राहुल सहित कई और विकल्प उपलब्ध हैं।



# तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने जीता स्वर्ण, फाइनल में इटली को बड़े अंतर से हराया

**शंघाई।**
**भारतीय पुरूष और महिला कंपाउंड टीमों ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप में महिलाओं की कंपाउंड टीम स्पर्धा में इटली को 236-225 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की टीम ने 24 तीरों में से केवल चार अंक गंवाकर छठी वरीयता प्राप्त इटली को अच्छे अंतर से हरा दिया और सीजन के शुरुआती वैश्विक शोपीस में अपना खाता खोला। छह-छह तीरों के पहले तीन प्रयास में, ज्योति, अदिति और परनीत केवल दो बार परफेक्ट 10 से चूकीं। इन तीनों ने शुरुआत में ही मार्सेला तोनिओली, इरेने फ्रांचिनी और एलिसा रोनेर की इटली की तिकड़ी पर 178-171 की अच्छी बढ़त ले ली थी। अंत में भारतीय खिलाड़ियों ने दो अंक गंवाए, लेकिन इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा और उन्होंने 11 अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।**

पुरूष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238-231 से मात दी। नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे। चौथी वरीयता प्राप्त पुरूष टीम ने 60 स्कोर करके परफेक्ट शुरूआत की और अगले दो सेट में दो ही अंक गंवाए। इसके बाद फाइनल सेट में परफेक्ट 60 स्कोर करके जीत दर्ज की।



### तीरंदाजी विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचीं दीपिका, कोरियाई प्रतिद्वंद्वी को जियोन को 6-4 से हराया

**शंघाई (चीन)।** दिसंबर, 2022 में मां बनने के बाद से दीपिका कुमारी के शानदार प्रदर्शन क्रम जारी है। तीन बार की ओलंपियन इस तीरंदाज ने विश्वकप स्टेज-1 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दीपिका ने क्वार्टर फाइनल में कोरिया की जियोन हुनयंग को पिछड़ने के बाद 6-4 से पराजित किया। उनका सेमीफाइनल में सामना एक अन्य कोरियाई तीरंदाज नाम सुहयोन से होगा।

तीन वर्ष पहले विश्वकप का स्वर्ण जीती थीं दीपिका

142वीं विश्व रैंकिंग पर फिसल गईं दीपिका रैंकिंग राउंड 30वें स्थान पर थीं। दीपिका जियोन के खिलाफ एक समय 1-3 से पिछड़ी हुई थीं, लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए अगले दो सेट जीते और पांचवां सेट पर बराबरी पर रखते हुए 27-28-27-27, 29-28, 29-27, 28-28 से जीत हासिल कर ली। मां




बनने के बाद दीपिका ने फरवरी में एशिया कप का स्वर्ण जीता था। उन्होंने अंतिम बार विश्वकप का स्वर्ण पेरिस में 2021 में जीता था।

ज्योति-अभिषेक मिश्रित स्पर्धा के फाइनल में

कंपाउंड तीरंदाजी में भारतीय तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी है। ज्योति सुरेखा और अभिषेक वर्मा ने मिश्रित स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर एक और पदक पक्का कर लिया। ज्योति-अभिषेक ने मेक्सिको की जोड़ी एंड्रिया बेसेरा और मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। फाइनल में दोनों का सामना निचली रैंक के एस्टोनिया की टीम से होगा। रिकर्व के मिश्रित स्पर्धा में अंकिता भक्त और बी धीरज को सेमीफाइनल में कोरिया के लिम और किम वूजिन से 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। अब दोनों कांस्य पदक केलिए मेक्सिको की जोड़ी से खेलेंगे।

# हार से निराश श्रेयर बोले, हमें हालातों के अनुसार ढ़लना होगा



**कोलकाता।**
कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर आईपीएल के लीग मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार से निराश नजर आये। अय्यर ने हालांकि हार के लिए किसी को दोष नहीं दिया है उन्होंने कहा कि हमें हालातों के अनुरुप ढ़लकर फिर से अपनी रणनीति बनानी होगी। केकेआर की टीम इस मैच में 262 रनों के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पायी जो टीम के लिए चिन्ता की बाज जरुर है। इससे पता चलता है कि टीम की गेंदबाजी अच्छी नहीं है। इस मैच में ईडन गार्डन्स के मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया था इससे बाद भी उसे असफलता मिली। उनके बल्लेबाजों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 261 रन बनाये पर ये जीत के लिए काफी नहीं थे। पंजाब किंग्स की ओर से जॉनी बेयरस्टो ने मैदान पर आते ही अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से बाजी पलट दी। 262 रनों का असंभव दिख रहे लक्ष्य को पंजाब किंग्स ने एक ओवर और दो गेंद पहले ही हासिल कर लिया। अय्यर ने मैच के बाद कहा कि टॉस के समय अगर उन्हें 261 रन दिए जाते तो वह आराम से इसे स्वीकार कर लेते। अय्यर ने कहा, जिस तरह से पंजाब के बल्लेबाजों ने बल्लेबाजी की उससे मैच उनके हाथ से फिसल गया। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और यह देखना एक सुखद अनुभव था।

अय्यर के अनुसार दोनों टीमों ने बेहतरीन क्रिकेट खेला। उन्होंने कहा, दोनों टीमों ने जबरदस्त खेल दिखाया। यह उन मैचों में से एक रहा जहां आप देखते हैं कि कहां गलती हुई, खासकर जब 260 का स्कोर भी नहीं बच पाया। हमें अब हालातों के अनुरुप ढलना होगा और अगले मैच के लिए बेहतर रणनीति बनानी होगी।

# देश में बढ़ रही महिला फुटबॉल की लोकप्रियता



**नई दिल्ली।**
देश में महिला फुटबॉल की लोक्रपियता बढ़ने के साथ ही इसमें आने वाली प्रतिभाओं की तादाद भी बढ़ी है। महिला फुटबॉल लीग के शुरु होने से भी इस खेल के प्रति आकर्षण बढ़ा है। देश की कुछ खिलाड़ी अब विदेशी लीग में भी खेल रही हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार पिछले दो साल में महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की संख्या में 138 फीसदी की बढ़त आई है। अभी भारतीय महिला टीम फीफा रैंकिंग में 66वें नंबर पर है। टीम की पांच खिलाड़ी मानुषा कल्याण, ज्योति चौहान, एमके कश्मीना, किरण पिस्दा और ई पान्थोई विदेश की बड़ी लीग में खेलती हैं।

वहीं जानकारों के अनुसार महिला टीम के अब विश्व कप में क्वालीफाई करने की संभावना भी बढ़ती जार रही हैं। इसलिए फुटबॉल संघ को उनकी और अधिक सहायता करनी चाहिए। महिला फुटबॉल लीग में अब अब होम और अवे मैच (घरेलू और बाहर के मैदान) का प्रारुप भी शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इस सत्र में दूसरी श्रेणी की लीग आईडब्ल्यूएल 2 भी शुरू हुई है, जिसमें से 15 टीमों में से 2 टीमों को प्रमोशन मिलेगा। वहीं जितनी ज्यादा टीमें होंगी। उतने ही खिलाड़ियों को खेलने के अधिक अवसर मिलेंगे। अभी दो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की महिला टीमें भी हैं।

# भाला फेंक खिलाड़ी जेना दोहा चरण से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे

**नई दिल्ली।**
भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना 10 मई को डायमंड लीग के दोहा चरण से अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। वह 28 मई को ओस्ट्रावा, चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक और सात जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस चरण में भाग लेंगे। इस खिलाड़ी ने कहा कि डायमंड में बेहतर प्रदर्शन पर उनकी नजरें इसलिए लगी हुई हैं क्योंकि इससे मनोबल बढ़ता है। इस खिलाड़ी ने साथ ही कहा कि आजकली देश में सभी प्रकार की सहायता एथलीटों को मिल रही है। जेना ने कहा, देश में अब खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिल रही हैं। अब सफलता के लिए केवल उन्हें अपने पर भरोसा रखना होगा। जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को अपनी विचार धारा में सुधार करना होगा। उन्हें ये समझना होगा कि वे किसे से भी पीछे नहीं हैं। जेना का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को यह सोचने की जरूरत है कि वे किसी ने कम नहीं है क्योंकि देश में एथलीटों के लिए अभी पर्याप्त सुविधाएं हैं। जेना ने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत ही वह पिछले दो माह तक गोल्ड कोस्ट में 35-दिवसीय प्रशिक्षण के लिए गये थे। उन्होंने कहा कि गोल्ड कोस्ट में प्रशिक्षण के अनुकूल मौसम के अलावा ऐसा कुछ भी नहीं था जो भारत में उन्हें नहीं मिल सकता था। जेना ने कहा, " हमारे पास यहां सब कुछ है, मैंने एनआईएस पटियाला में प्रशिक्षण लिया जहां सुविधाएं विश्व स्तरीय हैं। इस दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण काफी अच्छी तरह से खिलाड़ियों का ध्यान रखता है। खिलाड़ियों को सभी प्रकार की आर्थिक सहायता भी मिल रही है।



### कोहली को टी-20 वर्ल्ड कप में ओपनिंग करनी चाहिए

# मैथ्यू हेडन बोले - कोहली पावरप्ले में ज्यादा ओवर खेलें, यशस्वी उनके साथ ओपन करें

**नई दिल्ली।**
**ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि विराट कोहली का चयन भारतीय टीम में इसी शर्त पर हो कि वे टीम के लिए ओपन करें। उसे टीम में चुनूंगा तो उन्हें पावरप्ले में खेलना होगा। उन्हें उन छह ओवरों में ज्यादातर समय ओपनिंग बैटर के रूप में खेलना होगा।**



विराट के साथ यशस्वी ओपनिंग के योग्य हैं, और यह बाएं और दाएं हाथ का कॉम्बिनेशन एक बड़ा बोनस होगा, और इसीलिए मैं कहता हूं कि यह निर्णायक सिलेक्शन होगा। किसने कभी सोचा होगा कि हम भारत के सबसे महान खिलाड़ी के बारे में यह बातचीत करेंगे। सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि क्या हम एक ऐसी टीम चुनने में रुचि रखते हैं जिसके बारे में हमारा मानना है कि वह सही संतुलन वाली है और यह वर्ल्ड कप जीतने वाली है।

**रोहित-यशस्वी ओपन करें - इरफान पठान**

भारत के दिग्गज इरफान पठान का मानना है, भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल और रोहित शर्मा ओपन करें। यशस्वी जयसवाल का इंटरनेशनल स्ट्राइक रेट 160 है और इसकी जरूरत है। अगर विराट बल्लेबाजी की शुरुआत करते हैं, तो आप शिवम दुबे को खेलते हुए देख सकते हैं, अगर वह टीम में हैं। आपको प्लेइंग 11 में रिंकू सिंह जैसे लोग भी दिख सकते हैं। लेकिन अगर विराट तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं तो ऐसा नहीं होगा।

**रोहित पर 2023 वर्ल्ड कप हार का दबाव नहीं होगा- श्रीकांत**

श्रीकांत बोले, रोहित पर 2023 वनडे वर्ल्ड कप का दबाव नहीं होगा। यह हमारा दुर्भाग्य था कि आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने इतना शानदार प्रदर्शन किया, आप जानते हैं कि आस्ट्रेलियाई लोग, जब फाइनल की बात आती है तो ज्यादा बेहतर करते हैं। इसलिए दबाव से ज्यादा मुझे लगता है कि रोहित वर्ल्ड कप वापस लेने का इंतजार कर रहे होंगे।

2023 वर्ल्ड कप से कुछ सुधार होना चाहिए जहां हम पूरी दुनिया पर हावी थे और फाइनल में चूक गए थे। इसलिए मेरी राय में, चूंकि रोहित शर्मा 2007 वर्ल्ड कप विजेता चैंपियन रहे हैं, उन्हें पता है कि जीत का क्या मतलब है क्योंकि वह उस वर्ल्ड कप का हिस्सा थे, इसलिए एक कप्तान के रूप में वह यह सुनिश्चित करेंगे कि गलतियों पर सुधार करें। मुझे लगता है कि उन पर दबाव नहीं होगा क्योंकि हमारे पास विराट कोहली और रोहित शर्मा के अनुभवी क्रिकेटर्स हैं और कुछ शानदार युवा खिलाड़ी हैं।

# गर्मी का असर कम करेंगे योग के ये आसन



साधारणतः शरीर में मेटाबॉलिज्म की क्रिया होती रहती है। उससे उत्पन्न ऊष्मा को संतुलित रखने के लिए 24 घंटे में लगभग 900 मिली पसीना त्वचा से निकलता है, परन्तु तेज धूप में इतना पसीना डेढ़ घंटे में निकल जाता है। बढ़ी हुई गर्मी के कारण उल्टी, घबराहट, सिरदर्द, मुंह सूखना, आंखों और हाथ-पैरों में जलन, सारे बदन में दर्द कमजोरी आदि परेशानियां होती हैं। यौगिक क्रियाओं, आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया जाए तो इन समस्याओं की आशंका काफी कम हो जाती है।

**शीतली प्राणायामः** जिस प्राणायाम के अभ्यास से शीतलता का आभास हो या फिर अत्यधिक शीतलता की अनुभूति हो, उसे शीतली प्राणायाम कहते हैं। यह प्राणायाम तनमन को काफी शीतल करता है।

**विधि :** इसके लिए पद्मासन या फिर सुखासन में बैठ जाएं। दोनों हाथ की अंगुलियों को ज्ञान मुद्रा में दोनों घुटनों पर रखें, आंखें बन्द करें। कमर, गर्दन और मेरुदंड को बिल्कुल सीधा रखें। उसके बाद जीभ को नली के समान गोल बनाते हुए आवाज के साथ सांस भरें। इसके बाद आंखें बंद करते हुए अपनी क्षमतानुसार श्वास रोकें। फिर बिना आवाज किए दोनों नासिका के छिद्रों से श्वास बाहर निकालें। यह इस प्राणायाम का एक चक्र हुआ। कम से कम 15 चक्रों का अभ्यास करें।

**लाभ :** इस प्राणायाम से रक्त शुद्ध होता है। बल और सौंदर्य बढ़ता है। यह उच्च रक्तचाप और अम्ल में रामबाण का काम करता है। चिड़चिड़ापन, बात-बात में क्रोध आना, तनाव तथा गर्म स्वभाव के व्यक्तियों के लिए यह विशेष लाभप्रद है।

**सावधानियां :** निम्न रक्तचाप, अस्थमा, ज्यादा कफ वाले और गले के रोगी इसका अभ्यास न करें।

# अरबी पत्ते के अनोखे फायदे

अरबी के पत्तों के बारे में शायद ही ज्यादा लोग जानते हों लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये हरी सब्जी से भी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। आसानी से मिलने के बावजूद अरबी के पत्ते बहुत ज्यादा लोकप्रिय नहीं है।अरबी की पत्तियों को खाने से कई तरह के रोगों से निजात भी पाई जा सकता है।अरबी पत्ते के बने पकौड़े और सब्जी लोग खूब खाना पसंद करते हैं। स्वाद के साथ-साथ अगर देखा जाए तो अरबी पत्ता एक बेहतरीन औषधी भी है। इसमें विटामिन ,,क्रष्ट कैल्शियम, पोटेशियम और एंटी-ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो शरीर के लिए काफी फायदेमंद साबित होते हैं। इसके सेवन से आप शरीर की कई समस्याओं से निजात पा सकते हैं।



**जोड़ो का दर्दः**अगर आपके जोड़ों में ज्यादा दर्द रहता है तो ऐसे में आपको रोजाना अरबी पत्ते का सेवन करना चाहिए। इसके सेवन से आपको दर्द में काफी राहत मिलेगी।

**पेट से जुड़ी परेशानीः**अगर आपको पेट संबंधी कोई भी समस्या है तो अरबी के पत्ते आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकते हैं। अरबी के पत्ते को डंठल के साथ पानी में उबाल लें। इस पानी में थोड़ा घी मिलाकर 3 दिनों तक कम से कम दो बार लें। इससे आपको काफी फायदा मिलेगा।

**आंखों की रोशनी तेजः**अरबी के पत्तों में विटामिन ए काफी मात्र में पाया जाता है जो आंखों के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है। इससे आंखों की रोशनी तेज होती है और आंखों की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है।

**ब्लड प्रैशरः** इसके पत्तों में सोडियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे तत्व अधिक मात्र में पाए जाते हैं जो ब्लड प्रैशर को कंट्रोल रखने में मदद करते हैं।

वजन कम-वजन कम करने के लिए भी यह काफी कारगार है। इसमें मौजूद फाइबर मेटाबॉलिज्म को सक्रिय बनाते हैं जिससे वजन को कंट्रोल में रखा जा सकता है।

## रोज खाएं 1 आम, फिर देखें कमाल

आम फलों का राजा है। गर्मी के मौसम में आम खाना सभी को पसंद होता है। यह सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसमें भरपूर मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते है जो कई बीमारियों से बचाते है। इसके सेवन से मोटापा कम होता है और स्किन को भी फायदा पहुंचता है। आइए जानिए आम खाने के फायदों के बारे में 1.कैंसर : आम के रोजाना सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से छुटकारा पाया जा सकता है। इसमें मौजूद एंटी ऑक्साइड, विटामिन सी और फाइबर कैंसर को बढ़ने से रोकते है। 2. याददाश्त बढ़ाने में करें मदद : अगर आप भी कुछ रख कर भूल जाते है तो आम का सेवन करें। इसमें ग्लूटामिन नामक एसिड पाया जाता है जो कि याददाश्त बढ़ाने का काम करता है। 3.मोटापा : आम में लेप्टिन तत्व भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जिससे भूख कम लगती है और शरीर का वजन कंट्रोल में रहता है। इसके साथ ही आम की गुठली शरीर में बढ़ी हुई चर्बी और वसा को भी कम करती है। 4.आंखों के लिए फायदेमंद : आम में विटामिन ए बहुत अधिक मात्रा में पाया जाता है जो आंखों के लिए बहुत फायदेमंद है। इसीलिए इसके नियमित सेवन से आंखें स्वस्थ रहती हैं और यह आंखों की रोशनी बढ़ाने के साथ-साथ मोतियाबिंद जैसी समस्या से भी छुटकारा दिलाता है।



# बच्चों के समर वेकेशन को यादगार बनाएंगे ये 6 टिप्स

गर्मी की छुट्टियों का बच्चों को बेसब्री से इंतजार रहता है। बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टियों का मतलब होता है ढेर सारी मौज और मस्ती। न सुबह जल्दी उठने की चिंता और न स्कूल जाने की टेंशन। इन छुट्टियों के दौरान ही बच्चों के पास समय होता है कि वह पढ़ाई से हटकर अपने मन की चीजें कर सकें। इससे उन्हें क्रिएटिव बनने में मदद मिलती है। ऐसे में पैरंट्स भी अपने बच्चों के समर वकेशन को यादगार बनाने के लिए कुछ टिप्स आजमां सकते हैं...

### बन जाएं बच्चा

पढ़ाई और रूटीन में बंधे बच्चों के लिए जरूरी है कि छुट्टियों में उनके साथ टिपिकल ममी बनने के बजाए बच्चे बनकर फुल मस्ती करें, जिससे वह एंजॉय कर सकें। एलबम तैयार करें और उसके हर पल को यादगार बनाएं, घुमाने लेकर जाएं और जो वह करना चाहता है, उसे करने दें, जिससे वह अपनी छुट्टियों को दिल से एंजॉय कर सके।

### अच्छी आदत डिवेलप करें जरूर

छुट्टियों में बच्चों में अच्छी आदत डिवेलप करें। उन्हें अपना काम खुद करने दें। दूसरों का ख्याल कैसे रखना है, अपने से छोटों की और जरूरतमंदों की मदद किस तरह करनी है। बच्चों के किए गए अच्छे कामों की प्रशंसा भी करें, जो उन्हें प्रोत्साहित करेंगे।

### बच्चों की कमी करें दूर

छुट्टियों में बच्चों की कमियां दूर करने की कोशिश करें, जैसे किसी बच्चे ही हैंड राइटिंग खराब है या किसी बच्चे को झूठ बोलने की आदत है तो ऐसे में कोशिश करें कि बच्चों की बैड हैबिट और कमियों को कैसे दूर किया जाए। वह भी प्यार से करें, जिससे बच्चा इसे खेल-खेल में सीख जाए और इसे अपनाए।

### हॉबीज को निखारें

हर बच्चे में टैलंट होता है। कोई अच्छा गिटार बजाता है तो कोई अच्छा डांस करता है, लेकिन पढ़ाई के बोझ तले हम इसे इग्नोर कर देते हैं। पैरंट्स के लिए जरूरी है कि बच्चों को इन छुट्टियों में उसका हुनर निखारने का मौका दें। इससे वे काफी बातें सीखेंगे और अपने हुनर निखारेंगे।

### नई चीजें सिखाएं

यही सही समय होता है, जब बच्चे कुछ नया सीख सकते हैं। बच्चों के लिए समर कैंप लगाए जाते हैं या कुछ संस्थाओं की ओर से कलात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियां सिखाई जाती हैं। इसके साथ ही बच्चों को नई ऐक्टिविटीज सिखाएं, जिससे वह खुद की रूचि किस में है और किसमें नहीं, ये पहचान सकें।

### रिश्ते करें मजबूत

गर्मी की छुट्टी में ही ऐसा वक्त मिलता है, जब आप अपने बच्चे के साथ बॉन्डिंग मजबूत कर सकते हैं। क्योंकि बाकी दिनों में तो वे अपने स्कूल के होमवर्क और खेल में ही व्यस्त होते हैं। वहीं, आप भी अपनी जॉब के कारण दिन में उसके लिए वक्त नहीं निकाल पाते। इसलिए इस टाइम का भरपूर इस्तेमाल करें।

# समय पर डायपर बदलना है बहुत जरूरी



बच्चों का डायपर समय पर नहीं बदलने से उनमें यूरिनरी इंफेक्शन हो सकता है। इस इंफेक्शन को समय पर कंट्रोल नहीं किया गया, तो किडनी में इंफेक्शन हो सकता है। इंफेक्शन की वजह से किडनी फेल होने का खतरा भी बढ़ जाता है। आजकल यह समस्या शी बेबी में ज्यादा देखने को मिल रही है। डायपर गंदा होने से बैक्टीरिया यूरिन वाले रास्ते में चले जाते हैं। कई बार गंदा पानी यूरिन वाले रास्ते में चला जाता है, जो इंफेक्शन की बड़ी वजह बन सकता है।

### डी-हाइड्रेशन से बढ़ती है यूरिन इंफेक्शन की आशंका

हाइजीन के अलावा कब्ज रहने से भी बच्चे को यूरिनरी इंफेक्शन हो सकता है। कब्ज की वजह से यूरिनरी पार्ट पर दबाब पड़ता है। इससे बार-बार यूरिन में इंफेक्शन होता है। यूरिनल ब्लेडर या स्पाइनल कॉर्ड में जन्मजात विकृति होने से यूरिनरी इंफेक्शन हो जाता है।

लड़कियों में इस प्रॉब्लम का बड़ा कारण स्कूल के टॉयलेट का साफ नहीं होना भी है। टॉयलेट साफ नहीं होने से लड़कियां वॉशरूम नहीं जाती हैं। यूरिन को कंट्रोल करने पर यूरिनरी ब्लेडर की दीवार पर एसिड का दबाब पड़ता है। इससे दीवार खराब होने से यूरिनरी ब्लेडर खराब हो जाता है। यूरिन बार-बार लीक होता है। बच्चियों को इंफेक्शन नहीं हो पाए, इसके लिए यूरिन होल्ड नहीं करें।

हर दो-तीन घंटे में यूरिनल ब्लेडर को खाली करें ताकि इंफेक्शन नहीं हो पाएं। यूरिन नहीं जाने की वजह से लड़कियां पानी कम पीती हैं। डिहाइड्रेशन होने से यूरिन में इंफेक्शन की आशंका बढ़ जाती है। इंफेक्शन से बचने के लिए लड़कियां छह से सात बार यूरिन जाएं। डेढ़ लीटर तक पानी पिएं।

### ये हैं लक्षण

बच्चों का चिड़चिड़ा होना, उल्टी होना, बार-बार बुखार आना, यूरिन में जलन और दून कम रहना, किडनी से जुड़ी समस्याएं।

### किडनी इंफेक्शन से बढ़ता है बीपी

अपोलो हॉस्पिटल के नेफ्रोलॉजिस्ट पीडियाट्रिक डॉ. वासुदेव के अनुसार, किडनी में इंफेक्शन होने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। इससे किडनी फेल हो सकती है। कॉन्जिनाइटेल नेफ्रोटिक सिंड्रोम की वजह से बच्चे की किडनी से प्रोटीन लीक होता है। प्रोटीन लीक होने और इसकी कमी से बॉडी और आंखों पर सूजन जाती है। आंखों में सूजन आने, शरीर में किसी भी पार्ट में पानी भरने पर जांच करवाना चाहिए। इस सिंड्रोम के कारण बच्चे की ग्रोथ नहीं हो पाती है। ना ही बच्चे का वजन बढ़ पाता है। यूरिनरी इंफेक्शन से किडनी इंफेक्शन में बदल जाता है।

# इन पौधों को घर पर लगाने से घर रहेगा ठंडा

बहुत ज्यादा गर्मी में मन में यही तमन्ना उठती है कि कुछ ऐसा किया जाए कि अपने आस-पास का वातावरण बिल्कुल ठंडा-सा ही महसूस हो। ऐसे में आप अपने घर में कुछ विशेष तरह के पेड़-पौधे लगा कर घर को ठंडा रख सकती हैं। यह बात सच है कि आजकल के घरों में अधिक पेड़-पौधों के लिए जगह नहीं होती, परंतु यदि आपको बागवानी का शौक है तो आप घर की बालकनी में या खिडकी के बॉक्स में विशेष तरह के पौधे लगा सकती हैं। ये पौधे घर की हवा को ताजा रखते हैं हवा को शुद्ध करते हैं और घर तथा आसपास के वातावरण को ठंडा रखते हैं।

**एलोवेरा का पौधा :** यह बहुत ही लाभदायक और रिफ्रेशिंग पौधा है, जिसे घर में लगाया जा सकता है। यह न केवल घर के तापमान को कम रखता है, बल्कि हवा से नुकसानदायक फॉर्मेडिहाईड को भी दूर करता है।

**स्नेक प्लांट :** यह एक अनोखा पौधा है। यह



ना केवल तापमान को कम रखता है बल्कि यह हवा को शुद्ध बनाता है।

**ऐरेका पाम ट्री :** यह पौधा प्राकृतिक रूप से नमी को बनाए रखता है जिससे आपका घर ठंडा और आरामदायक लगता है। यह हवा से नुकसानदायक पदार्थों को भी दूर करता है।

**फिचुस ट्री :** इसे वीपिंग फिग के नाम से भी जाना जाता है। यह कमरे की हवा को साफ करता है और गर्मी को सोख लेता है। इसकी देखभाल करना आसान होता है क्योंकि यह कम प्रकाश और कम पानी में भी रह सकता है। तापमान को कम रखने के साथ-साथ यह हवा के प्रदूषण को भी कम करता है।

**बेबी रबर प्लांट :** जब ऐसे पौधों की बात आती है जो कमरे को ठंडा और तरोताजा रखते हैं और हवा से अशुद्धियों को दूर करते हैं तो इसमें बेबी रबर प्लांट का नाम जरूर आता है। इसे नियमित तौर पर पानी देने की जरूरत नहीं होती बल्कि इसे अच्छी मिट्टी और फिल्टर्ड लाइट की आवश्यकता होती है।

**फर्न :** फर्न नमी को बनाए रखने के लिए सबसे उत्तम है। कमरे की हवा को साफ करने और तरोताजा करने के साथ-साथ यह गर्मी को भी कम करता है। अपनी बालकनी में फर्न का पौधा रखें। यह बहुत अच्छा दिखता है।

**गोल्डन पोथोस :** इसे सिल्वर लाईन या डेविल्स एवी भी कहा जाता है। इसकी सदाबहार पत्तियां आपके कमरे की शोभा बढ़ाती हैं और साथ ही साथ यह हवा से अशुद्धियों को हटाता है और गर्मियों में घर को ठंडा रखता है। इसे रखना आसान होता है और इसे अधिक पानी की आवश्यकता नहीं होती।

# गर्मियों में बच्चों के बालों की ऐसे करें देखभाल

गर्मी की छुट्टियों में माता-पिता के लिए अपने बच्चों के बालों की देखभाल करना जरूरी है। गर्मी के महीनों में किसी भी प्रकार के इन्फेक्शन से बचने के लिए बालों को साफ रखना चाहिए। बच्चों को सोने जाने से पहले उनके बालों को बांधकर चोटी बना दें। त्वचा विशेषज्ञ इंदु के अनुसार बच्चों के बालों की कुछ खास देखभाल करनी चाहिए। आज हम आपको बच्चों के बालों की देखभाल से जुड़ी जानकारी दे रहे हैं।

» 3 साल से 10 साल और वयस्कों के बालों को बीच के अंतर को समझें और इसी के अनुसार सही उत्पाद का इस्तेमाल करें।

» बच्चों के शैम्पू में पीएच की मात्रा 5.5-6 के बीच होनी चाहिए क्योंकि 5.5 से ज्यादा का पीएच का शैम्पू स्कैल्प के ऊपरी सतह को नुकसान पहुंचा सकता है और बाल टूटने लगते हैं।



» बच्चों के सोने जाने से पहले उनके बालों को बांधे और चोटी बना दें। रात में बालों में कोई क्लिप नहीं लगाएं क्योंकि बाल उलझ सकते हैं और टूट सकते हैं।

» बच्चों के बालों को सौम्य शैम्पू से धुलें, जो उनके बालों को अच्छी तरह से साफ करें और उनके स्कैल्प को स्वस्थ रखें।

» बच्चों का छायादार जगह में खेलना सुनिश्चित करें और अगर वे बाहर जा रहे हों तो उन्हें कैप पहनाकर या सिर ढककर बाहर भेजें।

» आमतौर पर अधिकतर माताओं को यह चिंता होती है कि शैम्पू कहीं उनके बच्चे की आंखों को नुकसान नहीं पहुंचा दें और आंखों में जलन न होने लगे, इसलिए सौम्य शैम्पू का इस्तेमाल ही करें, जो उनके आंखों को भी सुरक्षित रखे।

» प्राकृतिक और मॉइश्चराइजर युक्त उत्पाद का इस्तेमाल करें, जिससे बालों पोषण मिलने के साथ ही कंघी करने में भी आसानी रहे।

# शीशे की क्रॉकरी हमेशा रहेगी चमकदार



सफाई को लेकर थोड़ी-सी लापरवाही का असर ग्लास की क्रॉकरी पर तुरंत नजर आने लगता है। कैसे बरकरार रखें इनकी चमक हमेशा, आइए जानें:

1 ग्लास की क्रॉकरी को साफ करने के लिए हमेशा गर्म या गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। इनकी सफाई के लिए डिटर्जेंट का इस्तेमाल भी बहुत कम मात्रा में ही करें। गर्म पानी चिकनाई के साथ-साथ बैक्टीरिया को भी पूरी तरह से खत्म कर देगा।

2 चाहती हैं कि आपकी पसंदीदा ग्लास क्रॉकरी पर जिद्दी निशान न पड़ें तो इस्तेमाल के तुरंत बाद उन्हें गुनगुने पानी से धो दें।

3 एक टब में तीन से चार कप पानी डालें और उसमें थोड़ा-सा विनिगर डालें। अपनी क्रॉकरी को गुनगुने पानी से धोने के बाद विनिगर वाले इस मिश्रण में थोड़ी देर के लिए डुबो दें। इसके बाद क्रॉकरी को पानी से नहीं धोएं।

4 गुनगुने पानी से क्रॉकरी को धोने के बाद उन पर नीबू के टुकड़ों को रगड़े। क्रॉकरी से सारे निशान गायब हो जाएंगे। इसके बाद पानी से क्रॉकरी को एक बार और धो लें।

5 ब्रश पर टूथपेस्ट लगाकर पूरी क्रॉकरी को साफ करें और उसके बाद गुनगुने पानी से क्रॉकरी को धो लें। टूथपेस्ट पूरी क्रॉकरी में लगाएं।

## रेसिपी



### रवा कोकोनट उपमा

#### सामग्री

1 कप रवा, 1 प्याज, 2-3 हरी मिर्च, एक छोटा टुकड़ा अदरक, 2 चम्मच कुटा हुआ नारियल, आवश्यकतानुसार पानी, 2 चम्मच घी, 2 चम्मच तेल, 1/2 चम्मच सरसों दाना, 1 चम्मच उड़द दाल, 1 चम्मच चना दाल, 2 साबुत सूखी लाल मिर्च, 8-10 काजू, 5-6 करी पत्ते

#### विधि

एक पैन में घी डालकर धीमी आंच में गरम करें फिर इसमें रवा डालकर अच्छे से भूनकर अलग रख लें। प्याज, अदरक और हरी मिर्च को छोटे टुकड़ों में काट लें। कुटे हुए नारियल में एक चौथाई पानी डालकर अच्छे से दोनों को मिक्स कर लें। अब इसी पैन में थोड़ा और तेल डालें और सरसों दाना, उड़द दाल और चना दाल फ्राई कर लें। पैन में काजू, सूखी लाल मिर्च, करी पत्ते, बारीक कटी प्याज, अदरक और हरी मिर्च डालकर भून लें। अब इसमे नारियल और पानी का मिश्रण मिलाएं। थोड़ा और पानी और नमक डालकर उबाल आने तक का इंतजार करें। उबाल आते ही इसमें रवा डालें और साथ-साथ कड़छी से चलाते रहें। जब यह तैयार हो जाए तो ऊपर से 1 चम्मच घी मिला लें। गर्मागर्म सर्व करें रवा कोकोनट उपमा।



### गुलाब की खीर

#### सामग्री

4 कप दूध, एक कप चावल, एक छोटा चम्मच, इलायची पाउडर, एक कप चीनी, 10 पिस्ता, 10 किशमिश, एक चम्मच गुलाबजल, 1 बड़ा चम्मच गुलकंद, 10-12 गुलाब की पंखुड़ियां

#### विधि

दूध को गहरे तले के बर्तन में डालकर मध्यम आंच पर रखें। जब यह उबलने लगे तब इसमें चीनी और चावल मिक्स करें। ऊपर से इलायची पाउडर डालकर दूध को 10 मिनट और पकाएं। इसे बीच-बीच में चलाते रहें। मिश्रण को तब तक पकाएं जब तक कि चावल टूटकर पूरी तरह से पक न जाए। अब खीर को आंच से उतारें, फिर इसे ठंडा करके फ्रिज में रख दें। सर्व करने से पहले इसमें गुलाब की पंखुड़ियां, गुलाबजल और गुलकंद मिक्स करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**